
दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-33 सीहोर, बुधवार 19 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना




## सत्ता में बैठे लोगों के धन शोधन में शामिल होने से शासन पर जनता का विश्वास खत्म हुआ

### सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर जाताई नाराजगी



नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग और इसमें सत्ता में बैठे लोगों के शामिल होने पर नाराजगी जताई है। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए गए मामलों में गुजरात के पूर्व आईएएस अधिकारी प्रदीप शर्मा की याचिका खारिज कर दिया गया और कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के धन शोधन में शामिल होने से शासन में जनता का विश्वास खत्म हुआ है और वित्तीय संस्थानों में प्रणालीगत कमजोरियां पैदा हुई हैं। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने उस याचिका को भी खारिज कर दिया जिसमें प्रदीप शर्मा ने गुजरात पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के कई मामलों की शुरूआती जांच का अनुरोध किया था। मनी लॉन्ड्रिंग, एक ऐसी वित्तीय धोखाधड़ी है जिसमें अपराधी अपनी सम्पत्ति के अवैध स्रोत को छिपाते हैं। इस धोखाधड़ी का मकसद कालेधन को सरकार और कानूनी एजेंसियों की नजरों से छिपाना होता है ताकि इसे बिना किसी शक के इस्तेमाल किया जा सके।मनी लॉन्ड्रिंग, दुनिया के ज्यादातर देशों में एक गंभीर अपराध है। भारत में, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों को सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात से जुड़े धन शोधन निवारण अधिनियम मामले में कहा कि धन शोधन के दूरगामी परिणाम होते हैं, न केवल भ्रष्टाचार के व्यक्तिगत कृत्यों के संदर्भ में, बल्कि इससे सरकारी खजाने को भी काफी नुकसान होता है। युगल पीठ ने कहा कि वर्तमान मामले में कथित अपराधों का अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ता है, क्योंकि अवैध वित्तीय लेन-देन राज्य को वैध राजस्व से वंचित करते हैं, बाजार की अखंडता को प्रभावित करते हैं और आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा देते हैं। सत्ता में बैठे व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले ऐसे कृत्य शासन में जनता के विश्वास को खत्म करते हैं और वित्तीय संस्थानों के अंदर प्रणालीगत कमजोरियों को जन्म देते हैं।

### औरंगजेब कब्र विवाद : हिंसा के बाद नागपुर के 10 इलाकों में कर्फ्यू, 65 उपद्रवी हिरासत में; 25 पुलिसवाले घायल

नागपुर (आरएनएस)। नागपुर में औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। नागपुर के महाल में सोमवार रात दो गुटों के बीच हिंसा भड़क गई थी। महाल के बाद देर रात हंसपुरी में भी हिंसा हुई। अज्ञात लोगों ने दुकानों में तोड़फोड़ की और वाहनों में आग लगा दी। प्रशासन ने हिंसा के बाद कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। महाल में हुई हिंसा में कई लोग घायल हुए। इनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। उग्र भीड़ ने 25 से अधिक बाइक और 3 कारों को आग के हवाले कर दिया। अब तक 60 से 65 दंगाइयों को हिरासत में लिया गया है जबकि 25 से 30 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। यह हिंसा समभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद के बीच हुई।



प्रधानमंत्री और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री श्री क्रिस्टोफर लक्सन 17 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा करेंगे।


## निवेश संवर्धन की नई नीतियों के अनुसार औद्योगिक इकाईयों के प्रस्तावों का परीक्षण करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### डेटा सेंटर, खाद्य प्र-संस्करण, सीमेंट सेक्टर में नए निवेश से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर



भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद निवेश के ठोस प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा निवेश संवर्धन की नई नीतियों के अनुसार औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए संबंधित विभाग प्रस्तावों के आवश्यक परीक्षण का कार्य पूर्ण कर उद्योग स्थापना में सहयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में निवेश संवर्धन पर मंत्रि-परिषद समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत भोपाल में डेटा सेंटर, इंदौर में आईटी इंफ्रा डेवलपर, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अंतर्गत सिंगरौली में सासन पॉवर लिमिटेड के पुनर्विलोकन अभ्यावेदन के अलावा रतलाम में फेरो अलॉय, भिण्ड में प्लाईबोर्ड, मुरैना और धार में खाद्य प्र-संस्करण, नीमच में सीमेंट सेक्टर और रायसेन में पेपर, प्लास्टिक एंड पैकेजिंग की इकाईयों के प्रस्तावों का परीक्षण करने के निर्देश दिए। इससे इन इकाईयों को राज्य सरकार द्वारा घोषित नई उद्योग संवर्धन नीतियों के प्रावधानों के अंतर्गत विभिन्न रियायतें प्रदान की जा सकेंगी। बैठक में जानकारी दी गई कि नवीन प्रस्तावों से लगभग 13 हजार व्यक्तियों को रोजगार प्राप्ति की संभावनाएं है। भोपाल में बड़वई आईटी पार्क प्रारंभ होने से 870 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। सुपर कॉरिडोर इंदौर में आईटी इंफ्रा डेवलपर से लगभग 10 हजार, भिण्ड में प्लाई बोर्ड सेक्टर से 750, मुरैना में खाद्य प्र-संस्करण इकाई से 320, धार जिले में खाद्य प्र-संस्करण इकाई से 549, नीमच जिले में सीमेंट इकाई से 556 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय कुमार दुबे, अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भाषा विवाद के बीच सरकार का बड़ा ऐलान, अब हर भारतीय भाषा में मिलेगी संसद की डिबेट



नई दिल्ली(ए)। अब संसद में होने वाली डिबेट हर भारतीय भाषा में आसानी से मिल सकेगी। इससे रिसर्चर्स, सांसदों और अन्य लोगों को फायदा होगा। यह जानकारी केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा मंगलवार को दी गई।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इंडियाएआई मिशन और लोकसभा के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन हुआ है। इसके तहत एआई का उपयोग करके संसद में होने वाले डिबेट का हर भारतीय भाषा में 'एआईकोष' के नाम से डेटासेट बनाया जाएगा। इससे संसद में होने वाली डिबेट का ट्रांसक्रिप्शन किसी भी भाषा में लिया जा सकेगा। वैष्णव ने आगे कहा कि इससे हमारे रिसर्चर्स, सांसदों और अकादमिक से जुड़े लोगों को संसद की डिबेट का विस्तृत ट्रांसक्रिप्शन किसी भाषा में मिल पाएगा। मोदी सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 2024 में 10,300 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ 'इंडियाएआई मिशन' को मंजूरी दी थी।इंडियाएआई मिशन का उद्देश्य एक कॉम्प्रीहेन्सिव इकोसिस्टम तैयार करना है, जो कि कंप्यूटर तक पहुंच में लोकतंत्रीकरण, डेटा की गुणवत्ता को सुधार कर, स्वयं की एआई क्षमताएं विकसित कर, शीर्ष एआई टैलेंट, इंडस्ट्रीज के बीच साझेदारी, स्टार्टअप को रिस्क कैपिटल उपलब्ध कराने, समाज में बदलाव लाने वाले एआई प्रोजेक्ट के जरिए एआई इनोवेशन को बढ़ाना है।

### हरजिंदर धामी का यू टर्न : सुखबीर बादल से मुलाकात के बाद एसजीपीसी प्रधान पद से इस्तीफा वापिस लेने को हुए राजी

अमृतसर, (आरएनएस)। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान पद से इस्तीफा दे चुके एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने यू-टर्न ले लिया है। अकाली दल वर्किंग कमेटी के सदस्यों और सुखबीर बादल के मनाने के बाद उन्होंने अपना इस्तीफा वापस लेने की हामी भर दी है। जिसके बाद धामी ने कहा कि वह तीन-चार दिन में अपना पद संभाल लेंगे। एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी 1996 से एसजीपीसी के सदस्य हैं।

हरजिंदर सिंह धामी को मनाने पहुंचे अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर बादल ने कहा- आज सिख कौम के साथ जो हो रहा है, ऐसे में पूरी कौम को डट कर मुकाबला करने की जरूरत है। सिख कौम को ताकत गुरु घरों से आती है। हमने देखा है कि तख्त हजूर साहिब, तख्त पटना साहिब, दिल्ली एसजीपीसी, एसजीपीसी को तोड़ कर एसजीपीसी बनाई गई और हमारे दुश्मनों को वहां तक पहुंचाया गया।

### केग की रिपोर्ट में खुलासा, भाजपा ने डकारे पात्रों के 24 करोड़ः जीतू पटवारी



भोपाल (आरएनएस)।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा है कि जनता के साथ कुठाराघात कर आपदा में अवसर लताशना भाजपा का पुराना और पारंपरिक रवैया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में केग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राज्य में गरीबों और किसानों की मदद के नाम पर करोड़ों रुपये की लूट हुई है। यह मामला सिर्फपैसों के गबन का नहीं, बल्कि हजारों गरीब परिवारों के साथ हुए अन्याय का है, जिनका घर बर्बाद हुआ, जिनकी फसलें तबाह हो गईं और जो सही मायनों में इस मदद के हकदार थे। आपदा राहत की राशि में भी लूट कर जनता के साथ कुठाराघात कर भ्रष्टाचारी बीजेपी सरकार की 'डबल इंजन' की नीति का एक और काला अध्याय रचा गया है।पटवारी ने 23.81 करोड़ रू. की आपदा राहत राशि के हुये गबन को भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की परंपरा का हिस्सा बताते हुए कहा कि 'जब प्रदेश के किसान और गरीब मजदूर बाढ़, सूखा और प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे थे, तब बीजेपी सरकार ने राहत देने के बजाय अपने अफसरों और करीबी लोगों की जेबें भरने का काम किया।

## 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को फांसी

भोपाल (आरएनएस)। शाहजहांनाबाद इलाके में 5 साल की बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के दोषी अतुल निहाले को कोर्ट ने मंगलवार को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं, वारदात में उसका साथ देने वाली मां और बहन को भी दो-दो साल कैद की सजा दी है।

विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने इस मामले में तीनों को दोषी ठहराया है। घटना 24 सितंबर की है। बच्ची का अपहरण कर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी थी। बच्ची का शव उसी की मल्टी के एक बंद फ्लैट से बरामद किया गया था। पुलिस के अनुसार, बच्ची की हत्या गला घोंटकर की गई थी।



बच्ची की माता-पिता और दादी ने फैसले के बाद कहा दोषी की मां और बहन को भी कम से कम 10 साल की सजा हो। क्योंकि इन्होंने बच्ची के शव को अपने घर में छिपाकर रखा था। ये अपने बेटे को बचाने का प्रयास कर रही थी। जितना गुनहगार इनका बेटा है, उतने ही ये दोनों भी हैं।पुलिस ने गहन जांच के बाद फ्लैट में रहने वाले अतुल निहाले, उसकी मां बसंती बाई और बहन चंचल भालसे को गिरफ्तार कर लिया था। थाना शाहजहांनाबाद ने मामले की जांच पूरी करने के बाद 20 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया था।

पुलिस ने आरोप पत्र के साथ डीएनए जांच रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज और पीड़िता के परिजन, चिकित्सकों और पुलिसकर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची भी पेश की थी।

### भारत में अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित, मिल रहा प्रगति का समान अवसर : इकबाल सिंह लालपुरा

नई दिल्ली(आरएनएस)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने मंगलवार को कहा कि भारत ऐसा देश है, जहां अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं और उन्हें प्रगति के समान अवसर मिल रहे हैं। इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि समाज की सेवा के लिए समर्पित वक्फ बोर्ड की संपत्ति का सही तरीके से उपयोग किया जाना चाहिए और इसके लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए।उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन और अल्पसंख्यक समुदाय को भड़काए जाने पर चिंता जताई।




### गोदाम की छत पर जा चढ़ा सांड, नीचे उतारने के लिए लेनी पड़ी क्रेन की सहायता

हापुड़ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के हापुड़ के शिवपुरी इलाके में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई, जब एक सांड एक खाली पड़े गोदाम की छत पर चढ़ गया। गोवंश को छत पर देखकर स्थानीय लोगों ने उसे नीचे उतारने की काफी कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई। आखिरकार, घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार को सांड को क्रेन की मदद से सुरक्षित नीचे उतारा गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।कांग्रेस नेता और समाजसेवी विक्की शर्मा ने बताया कि उन्हें मंगलवार सुबह करीब 7:00 बजे सूचना मिली कि शिवपुरी में एक खाली गोदाम की छत पर एक सांड चढ़ गया है। सूचना मिलते ही वह अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और सांड को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयासों में जुट गए।

कई घंटों तक चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर विक्की शर्मा और उनकी टीम ने कड़ी मेहनत की।

**अवकाश की सूचना**

दैनिक क्षितिज किरण के कार्यालय में रंग पचंमी के अवसर पर अवकाश रहेगा अत: अगला अंक दिनांक 21 मार्च 2025 को प्रकाशित होगा।

-व्यवस्थापक

## 24 दलितों की हत्या के मामले में 44 साल बाद आया फैसला, 3 दोषियों को फांसी की सजा का ऐलान

नई दिल्ली(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बहुचर्चित दिहुली सामूहिक नरसंहार मामले में अदालत ने 44 साल बाद फैसला सुना दिया है। इस नरसंहार मामले में अदालत ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है।

इस हिंसा में 24 दलित समुदाय के लोगों की हत्या कर दी गई थी। अब अदालत ने 24 लोगों की हत्याकांड के तीनों आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साल 1982 में डकैतों के गिरोह ने दलितों के गांव पर हमला बोल दिया था और अंधाधुंध गोलियां बरसाकर 24 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं।अपर सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे फांसी की सजा सुनाई। तीनों ही आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। फैसला आने के बाद तीनों ही आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा है कि हत्यारों को गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जब तक कि इनकी मृत्यु न हो जाए। तीनों दोषियों की उम्र 75 से 80 साल है। इस हत्याकांड में कुल 20 हत्यारोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। जिसमें से 13 आरोपियों की मौत हो चुकी है और फरार चल रहे चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट ने स्थाई वारंट जारी कर रखे हैं। मामले की पैरवी एडीजीसी रोहित शुक्ला द्वारा की गई।बता दें कि दिहुली में जब 44 साल पहले नरसंहार हुआ तब प्रदेश की सरकार हिल गई थी उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, गृहमंत्री बीपी सिंह, मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी और विपक्षी नेता अटल बिहारी वाजपेई भी पीडितों का दर्द बांटने देहुली पहुंचे थे। फिरोजाबाद जनपद क्षेत्र के थाना जसराना क्षेत्र का गांव दिहुली मे जब 18 नवंबर 1981 को संतोष



सिंह उर्फ संतोषा और राधेश्याम उर्फ राधे के गिरोह के द्वारा दलित समाज के लोगों के ऊपर हमला कर सामूहिक नरसंहार के जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। उसे समय वह क्षेत्र मैनपुरी का हिस्सा हुआ करता था। मामले में मुख्य चश्मदीद गवाह बनवारी लाल ने बताया किउनके पिता ज्वाला प्रसाद की सबसे पहले खेत मे आलू की खुदाई करते समय गोलियों से भून कर हत्या की गई थी। उसके साथ उनके बड़े भाई मनीष कुमार और भूरे सिंह और चचेरे भाई मुकेश की हत्या हुई थी। वह काफी दबाव के बाद भी अंतिम समय तक अपनी गवाही पर कायम रहे। उन्हें इस बात का संतोष है कि देर से सही लेकिन उन्हें इंसाफ मिला है। आरोपियों को फांसी मिलनी चाहिए।

### माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन की सुरक्षा जांच में चूक, पिस्तौल लेकर पहुंची महिला; पुलिस ने किया गिरफ्तार

कटरा (आरएनएस)। श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन में सुरक्षा जांच को तोड़ते हुए एक महिला के पिस्तौल लेकर पहुंचने का मामला सामने आया है। यह घटना 14-15 मार्च 2025 की रात को हुई। महिला की पहचान ज्योति गुप्ता के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ज्योति गुप्ता दर्शन करने के इरादे से पिस्तौल लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर गई थी।

रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) परमिंदर सिंह ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला के पास से बरामद हथियार का लाइसेंस समाप्त हो चुका था। उन्होंने बताया कि रियासी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से पिस्तौल को जब्त कर लिया गया है।

एसएसपी सिंह ने आगे जानकारी दी कि इस संबंध में कटरा के पुलिस स्टेशन भवन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।



# प्रदेश की राजधानी भोपाल की प्रगति पर विशेष ध्यान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## नए भोपाल क्षेत्र में तात्या टोपे नगर में 364 शासकीय आवास गृहों का लोकार्पण

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल मध्यप्रदेश की राजधानी है। राजधानी क्षेत्र की तीव्र प्रगति होगी। हाल ही में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। भोपाल शहर में ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन होते रहना आवश्यक है। भोपाल में शहरी क्षेत्र में आवास सुविधा सहित अन्य सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। भविष्य में भोपाल के साथ सीहोर विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन आदि के क्षेत्रों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का विकास होगा। भविष्य की आवश्यकता के मद्देनजर विभिन्न प्रकार की विकसित सुविधाओं का किया जाना आवश्यक है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य करेगी। संपूर्ण प्रदेश में समग्र विकास के लिए विकसित भारत 2047 के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप कार्य संपन्न होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल देश की सबसे सुंदर और स्वच्छ राजधानी है। यहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रात्रि विश्राम किया। उन्होंने और उद्यमियों एवं निवेशकों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया। राज्य सरकार ने झीलों के शहर को पांच शहरों के साथ जोड़कर विकास की नई कल्पना की है। इस प्रकार मध्यप्रदेश में भोपाल और इंदौर दो मेट्रोपोलिटन सिटी आकार लेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार भी 2047 के विजन पर कार्य कर रही है। आगामी 25 साल में भोपाल और इंदौर को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से स्वच्छता पेयजल, सीवर और रोड जैसी बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखकर योजना बनाई जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में मध्यप्रदेश को विशेष अनुदान दिया है। उनका सपना है कि हर गरीब और जरूरतमंद का अपना पक्का



मकान हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम भोपाल के तात्या टोपे नगर (टीटी नगर) स्थित भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन की परियोजना के प्रथम चरण में नवनिर्मित 364 जी-टाइप आवासों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा तात्या टोपे नगर के नवनिर्मित शासकीय आवासों के परिसर का नाम भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी परिसर होगा। यहां आवासीय परियोजना के प्रथम चरण में 116.26 करोड़ की लागत से निर्मित 364 जी टाइप आवास गृहों का लोकार्पण हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती सीमा तिवारी, श्रीमती कल्पना गुर्जर, श्रीमती संगीता उइके, राघवेंद्र सिंह को उनके शासकीय आवास की चाबियां सौंपी। साथ ही उन्होंने भोपाल नगर निगम के अधिकारियों को इस परियोजना के द्वितीय चरण में आगामी दो से तीन महीने में एफ-टाइप आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को रंगपंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को प्रकृति के साथ जोड़ते हुए कहा कि भारत हजारों सालों से सूर्य के समान दुनिया को आकर्षित कर रहा है। प्राचीन काल से ऋषियों ने सनातन संस्कृति के हर त्यौहार को प्रकृति से जोड़ा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में देश में अमृतकाल चल रहा है, जो हम सबको जीवन में वसंत ऋतु जैसे आनंद और उत्साह की अनुभूति करवाता है। स्मार्ट सिटी के इन शासकीय आवासों में परिवार रहने आएंगे तो उसका अलग ही आनंद होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी वो सबको पक्का घर उपलब्ध करवाने के लिए चिंता करते हैं। सबका अपना मकान हो, इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकारों ने योजना शुरू की है। लोगों को आवास ऋण के ब्याज में भी अनुदान मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सवा साल में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। आने वाले 5 साल में अलग-अलग विभागों के ढाई लाख पदों पर नियुक्तियां होंगी। प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को 1 अप्रैल से 7 वें वेतनमान के बराबर भत्तों का लाभ मिलेगा। गत वर्ष कर्मचारियों को दो बार चार-चार प्रतिशत डी.ए. स्वीकृत किया गया। कर्मचारियों को पदोन्नति का भी लाभ मिल सके, इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार 2047 तक विकसित मध्य प्रदेश के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। पिछले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। वर्ष 2002 - 2003 में जहां प्रति व्यक्ति वार्षिक आय मात्र 11 हजार रूपये थी, वह अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार 680 वार्षिक रुपए हो चुकी है। इस साल सरकार ने 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का जनकल्याणकारी बजट पेश किया है।

## अब तक 6 लाख 82 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

### अब उपाय ऐप के जरिए भी करा सकेंगे केवायसी

भोपाल (ए.)। राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 06 लाख 82 हजार 742 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 72 हजार एक, बैतूल ग्रामीण में 91 हजार 434, राजगढ़ ग्रामीण में 53 हजार 236, शहर वृत्त भोपाल में 63 हजार 781, भोपाल ग्रामीण में 38 हजार 800, गुना ग्रामीण में 32 हजार 389, विदिशा ग्रामीण में 50 हजार 725, सीहोर ग्रामीण में 24 हजार 254, ग्वालियर ग्रामीण में 21 हजार 115, शहर वृत्त ग्वालियर में 47 हजार 300, अशोकनगर ग्रामीण में 26 हजार 384, दतिया ग्रामीण में 25 हजार 390, रायसेन ग्रामीण में 44 हजार 105, शिवपुरी ग्रामीण में 26 हजार 048, हरदा ग्रामीण में 20 हजार 993, श्योपुर ग्रामीण में 09 हजार 695, मुरैना ग्रामीण में 24 हजार 119 एवं भिण्ड ग्रामीण में 10 हजार 973 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी व्यक्तिगत विवरण को कंपनी के रिकार्ड में अपडेट करने के लिए नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया शुरू की है। कंपनी द्वारा नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया के तहत बिजली उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी जैसे समग्र आईडी, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता इत्यादि की जानकारी को अपडेट किया जा रहा है। नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया से बिजली उपभोक्ताओं को जहां राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा वहीं दूसरी ओर प्रणाली में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

## निगम ने 04 बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की




भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित राजस्व की अन्य मदों में करों/शुल्कों की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है साथ ही करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 स्थित नेहरू नगर में मकान नंबर एस-103, एस-102, सी-136 तथा एस-205 के बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए संपत्तियां कुर्क की।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा प्रभावी वसूली एवं बकायादारों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 के अमले ने नेहरू नगर स्थित मकान नंबर एस-103 के भवन स्वामी रामाधार पर बकाया राशि रु0 80,051/-, एस-102 के भवन स्वामी जगदीश प्रसाद पर बकाया राशि रु0 66,221/-, सी-136 के भवन स्वामी लक्ष्मीदास डीगरा पर बकाया राशि रु0 84,694/- तथा एस-205 के भवन स्वामी लाल पर संपत्तिकर/जल उपभोक्ता प्रभार एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार की बकाया राशि बकाया राशि रु0 83,567/- का भुगतान भवन स्वामियों द्वारा नहीं किये जाने पर उक्त बकायादारों की संपत्तियां कुर्क करने की कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही जोन क्रमांक 08 की जोनल अधिकारी नूतन खरे के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 29 के वार्ड प्रभारी व अन्य अमले द्वारा की गई।

## जनसुनवाई में दिव्यांग गुलाब बाई को प्रदान की गई ट्राई साईकिल

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निर्देशन में मंगलवार को एडीएम भूपेंद्र गोयल, अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 98 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में शिव नगर कॉलोनी, विदिशा रोड भोपाल से दिव्यांग गुलाब बाई पंथी पत्नी घनश्याम पंथी को कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह के आदेशानुसार सामाजिक न्याय नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साईकिल प्रदान की गई। एडीएम गोयल, मेश्राम एवं सीईओ तिवारी ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए।

## नींव मजबूत होगी तो आने वाला भविष्य मजबूत होगा : मंत्री सुश्री भूरिया

भोपाल (ए.)। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मंगलवार को पोषण भी-पढ़ाई भी पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमारी नींव मजबूत होगी तो आने वाला भविष्य मजबूत होगा। सक्षम आंगनवाड़ी मिशन 2.0 के तहत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम केन्द्र सरकार का एक महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम है। ये प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने की क्षमता विकसित करने के लिये एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रारंभ की इस पहल का उद्देश्य बच्चों की देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके और आंगनवाड़ी केन्द्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं,



खेल के उपकरण और विधिवत प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक शिक्षण केन्द्र परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों (विशेषकर दिव्यांग बच्चों) के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रमुख सचिव महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि आंगनवाड़ी एक आधारशिला है और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नींव का पत्थर है। उन्होंने कहा कि नींव के पत्थर किसी को नहीं दिखता लेकिन अगर वो मजबूत हो तो इमारत बुलंद होती है। बच्चों को खाना खिलाना, उनकी देखभाल करना अति आवश्यक है। आँगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और भौतिक संबल को बढ़ावा दे रही है। श्रीमती रश्मि शमी ने कहा कि यह 2 चरणों में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम से आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सशक्त बनेगी। उन्होंने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग बेहतर तरीके से हो, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। आँगनवाड़ी में होने वाली पढ़ाई के एसेसमेंट किये जाने पर भी ध्यान देना होगा।

## महंगे शौक पूरा करने के लिये मजदूर करते थे मोबाइल लूट की वारदाते



### -साढ़े तीन लाख का माल बरामद

### -पैदल जा रहे लोगो को बनाते थे निशाना, आठ वारदातो का हुआ खुलासा

भोपाल(ए.)। शहर की अयोध्यानगर नगर थाना पुलिस ने दो ऐसे युवको को दबोचा है, जो पेशे से मेहनत-मजदूरी का काम करते है, और अपने मंहगे शौक पूरा करने के लिये मोबाइल लूट की वारदातो को अंजाम देते थे। उनके कब्जे से पुलिस ने लूटे गये साढ़े तीन लाख् कीमत के 8 मोबाइल सहित वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जप्त की है। दोनो आरोपी रास्ते में हाथ में मोबाइल लेकर पैदल चलने वालो को टारगेट करते थे। टीआई महेश लिल्हारे ने बताया की फरियादी भवानी टाउन सागर गैरे के पीछे अयोध्यानगर निवासी आदित्य राज सोनी पिता राकेश कुमार सोनी (22) ने अपनी शिकायत में बताया था की वह 26 फरवरी की रात करीब 10 बजे यशोदा पैलेस बोनीफाई स्कूल के पास पैदल टलहते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था। उसी समय बाइक सवार दो बदमाश उसके पीछे से आये और झपटा मारकर मोबाइल छीनकर चंपत हो गए। शिकायत की जॉच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर लूटेरो की धरपकड के प्रयास शुरु किये। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के साथ ही लूटेरो के भागने का रुट मैप बनाकर उन रास्तो पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल। फुटेज के साथ ही की गई मैदानी और अन्य तकनीकी छानबीन में पुलिस के हाथ मोबाइल लूटेरो के संबध में अहम सुराग हाथ लगे। सुरागो के आधार टीम ने दोनो संदिग्धो शाबान पिता शमीम (19) और अभिषेक चौहान पिता श्रीनाथ प्रसाद (20) दोनो निवासी अर्जुन नगर झुग्गी बस्ती थाना एमपीनगर को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिसिया अंदाज में हुई पूछताछ में दोनो ने बताया की उन्होनें इसी साल 26 फरवरी को अयोध्यानगर सहित शहर के अन्य थाना इलाको से 8 मोबाइल झपटमारी की वारदातो को अंजाम दिया है।

## शासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 में पिछले 10 साल में दो 21 लाख बच्चे कम हुए , निजी में भी 5 लाख कम हुए

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 में पिछले 10 वर्ष में 21 लाख बच्चे तथा निजी विद्यालय में 5 लाख बच्चे कम हो गये । यह जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विधायक प्रताप ग्रेवाल ग्रवाल के प्रश्न के उत्तर में दी । स्कूल शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्ष 2015-16 में शासकीय विद्यालय में नामांकनांक 78.96 लाख थे , जो 2024-25 में घटकर 58.17 लाख रह गए । इसी अवधि में निजी विद्यालयों में 2015-16 में 48.84 नामांकनांक 2024-25 में घटकर 43.93 लाख ही रह गए। वर्ष 2015-16 में शासकीय और निजी विद्यालय मिलकर 127.8 बच्चे वर्ष 2024-25 में घटकर 102.10 लाख रह गए । यानी शासकीय एवं निजी विद्यालय मिलाकर कक्षा 1 से 8 में 25.7 लाख बच्चे पिछले 10 साल में कम हो गए । नामांकन्नांक में यह गिरावट कक्षा 9 से 12 में भी रही शासकीय विद्यालय में वर्ष 2020-21 में नामांकन 23.94 लाख से घटकर 2024-25 में 21.26 लाख हो गए याने 2.68 लाख की कमी हुई । इसी अवधि में निजी विद्यालयों में नामांकन 13.05 लाख से घटकर 12.85 लाख हो गए । उसमें 0.20 लाख की कमी हुई । कक्षा 9 से 12 में शासकीय और निजी विद्यालय मिलाकर पिछले पांच वर्षों में 2.88 लाख नामांकन कम हुए । प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि अपने बजट भाषण में माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में सकल नामांकन दर 98 प्रतिशत तथा माध्यमिक शिक्षा में 70 प्रतिशत तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा में 67 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है । शासकीय निजी क्षेत्र में 125000 विद्यालय कार्य कर रहे है ,तथा पीएम श्री योजना के अंतर्गत 780 विद्यालय तथा सीएम राइज योजना के तहत 275 विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ अध्ययन पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

## आज मनाया जाएगा दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में रंग पंचमी महोत्सव

भोपाल (आरएनएस)। रंगों का त्योहार होली का उत्सव और उमंग रंग पंचमी के साथ और बिखर जाता है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा रंग पंचमी महोत्सव एवं मिलन समारोह दद्दू के मंदिर डिपो चौराहे पर सुबह 9 से 12 बजे तक मनाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहकर रंगों के इस त्यौहार को एक दूसरे को रंग लगाकर एवं गीत-संगीत की थाप पर थिरकते हुए उत्साह के साथ सभी समरसता के इस त्यौहार को मनाएंगे। सबनानी ने सभी को रंग पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस कार्यक्रम में आकर रंग पर्व मनाने के लिए आमंत्रित किया है।

## नगरीय निकायों में स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने के प्रयास

### स्वच्छता को संस्कार बनाकर मिलती है सफलता

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश में नगरीय निकायों में हर साल की तरह स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 शुरू हो चुका है। इस साल इसमें देश के 4900 से अधिक शहर स्वच्छता में श्रेष्ठता की दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण मुख्य रूप से जमीनी स्वच्छता के साथ शहरों के स्वच्छता प्रमाणीकरण के लिए किया जा रहा है। प्रमाणीकरण में खुले में शौच से मुक्ति के लिए ओडीएफ, जल के पुन: उपयोग के लिए वॉटर प्लस और कचरा मुक्ति हेतु स्टार रेटिंग प्रमुख हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगरीय निकायों की टीम साल भर काम करती हैं। इसमें नियमित रूप से सफाई के अलावा, कचरा संग्रह, प्र-संस्करण, अधोसंरचना विस्तार, रख-रखाव और शहरों का सौंदर्यीकरण शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्तक्षेप से आज यह देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। हर शहर को इसमें शामिल होना और अपनी रैंकिंग में सुधार करना गौरव का अनुभव कराता है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने स्वच्छ सर्वेक्षण के संबंध में मैदानी अमले को निर्देश भी जारी किये हैं। वर्ष-2024 का स्वच्छ सर्वेक्षण अब तक का 9वां सर्वेक्षण है, जिसकी प्रमुख थीम 3-आर (रिसाइकल, रिड्यूस, रियूज) पर आधारित है। इसके प्रारंभ होने से मध्यप्रदेश ने देश के स्वच्छता परिदृश्य में अपनी बढ़त बना ली थी। अपने नियमित योगदान से मध्यप्रदेश शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ प्रदेश का सम्मान प्राप्त हुआ एवं वर्ष 2023 में यह नजदीकी मुकाबले में देश के दूसरे नंबर का बेहतर राज्य घोषित किया गया। मध्यप्रदेश का शहर इंदौर लगातार सात सालों से देश का सबसे स्वच्छ शहर बना हुआ है। वर्ष 2024 में इसे सुपर लीग श्रेणी में शामिल किया गया है। इस वर्ष मध्यप्रदेश के सभी शहर इसमें अपनी दावेदारी कर रहे हैं। प्रदेश के सभी शहरों ने स्टार रेटिंग, ओडीएफ डबल प्लस के लिए अपना दावा किया है। इसके अलावा 44 शहरों ने वॉटर प्लस के लिए अपनी दावेदारी की है। हर शहर स्वच्छता के मापदंडों पर सफाई, संग्रहण, कचरा निपटान, प्रोसेसिंग आदि पर पूरा ध्यान दे रहा है। आज प्रदेश में लगभग 6700 टन कचरा प्रतिदिन संग्रह किया जाता है। इसके लिए 7500 से अधिक कचरा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इस संग्रहित कचरे की प्रोसेसिंग के लिए हर छोटे-बड़े शहर में कम्पोस्टिंग इकाइयां, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटीज, निर्माण अपशिष्ट प्रबंधन इकाई और मल-जल निस्तारण के लिये एफएसटीपी उपलब्ध हैं। प्रदेश के बड़े शहरों में कचरा प्रोसेसिंग के लिए अत्याधुनिक इकाइयों की स्थापना की गई है। इसमें जबलपुर और रीवा में कचरे से बिजली, सागर व कटनी में कम्पोस्टिंग, के साथ इंदौर में कचरे से बॉयो सीएनजी निर्माण की इकाइयां लगाई जा चुकी हैं। इसके अलावा भोपाल में कपड़ा, थर्माकोल, प्लास्टिक, निर्माण के साथ मांसाहारी बाजारों से आने वाले कचरे के निपटान के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए 10 लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

### *गेहूँ उपार्जन के लिये 31 मार्च तक होगा पंजीयन : खाद्य मंत्री श्री राजपूत*

भोपाल (ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मुल्य पर गेहूं की बिक्री के लिये अभी तक 10 लाख 20 हजार 224 किसानों ने पंजीयन कराया है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। उन्होंने बताया है कि किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं, खरीदी उपार्जन केन्द्रों में 5 मई तक होगी। गेहूँ की खरीदी के लिये 2648 उपार्जन केन्द्र बनाये जा चुके हैं। गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 160, खरगौन में 4305, बड़वानी में 577, अलीराजपुर में 85, खंडवा में 11,560, धार में 20,647, झाबुआ में 3934, इंदौर में 31,694 मंदसौर 31,714, नीमच 10,259, आगर-मालवा में 25,357, देवास में 37,038, रतलाम में 19,966, शाजापुर में 53,172, उज्जैन में 78,016, अशोकनगर में 12,557, शिवपुरी में 8662, ग्वालियर में 5880, दतिया में 7680, गुना में 8446, भिंड में 10,470, श्योपुर में 11,157, मुरैना में 7824, जबलपुर 11,075, बालाघाट 806, कटनी में 15,511, पांढुर्णा 89, डिंडौरी में 1773, छिंदवाड़ा में 9091, सिवनी में 24,801, नरसिंहपुर में 20,979, मंडला में 9350, हरदा में 22,227, बैतूल में 8788, नर्मदापुरम में 52,017, विदिशा में 65,348, रायसेन में 57,898, राजगढ़ में 55,855, भोपाल में 26,847, सीहोर में 76,299, सतना में 12,028, रीवा में 9439, सिंगरौली में 4369, मऊगंज 996, मैहर में 3835, सीधी में 4535, अनूपपुर में 521, उमरिया में 4312, शहडोल में 5145, पन्ना में 14,785, निवाड़ी में 1132, दमोह में 22,505, टीकमगढ़ में 8048, छतरपुर में 12,198 और सागर में 56,462 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## कृषि में तकनीकी क्रांति के लिए उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोग आवश्यक

### आईआईएसईआर पुणे में हुई एक दिवसीय इंडस्ट्री-अकादमिक कार्यशाला



भोपाल (ए.)। पुणे स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान में 'रिसर्च इनोवेशन फॉर कमर्शियलाइजेशन' विषय पर एक दिवसीय इंडस्ट्री-अकादमिक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के एग्रीहब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा किया गया। कार्यशाला की शुभारंभ में आईआईटी इंदौर के एग्रीहब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रमुख अन्वेषक प्रो. अरुणा तिवारी कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग बढ़ाकर ही अनुसंधान को व्यावसायिक स्तर पर ले जाया जा सकेगा। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (आईसीटी) डॉ. अनिल राय ने अनुसंधान एवं अकादमिक संस्थान और औद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटने की आवश्यकता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं नवाचारों को मूर्त रूप देने और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सहायक हो सकती हैं। कार्यशाला में सी-डैक पुणे की वैज्ञानिक सुश्री लक्ष्मी पनट ने कृषि क्षेत्र को आधुनिक और उन्नत बनाने के लिए मल्टी-बेनिफिशरी सहयोग को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि कृषि में तकनीक के समावेश से ही उत्पादकता में वृद्धि को स्टेबल और सस्टेनेबल बनाया जा सकता है। कार्याशाला में शामिल हुए असम साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी गुवाहाटी के कुलपति प्रो. नरेंद्र एस. चौधरी ने एरिया-स्पेसिफिक एआई और मशीन लर्निंग (एमएस) मॉडल विकसित करने की आवश्यकता जताई। अघारकर रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. प्रशांत ढकेफालकर ने कहा कि हरित क्रांति के बाद अब कृषि में एआई और एमएल आधारित अनुसंधान से नई तकनीकी कृषि क्रांति की आवश्यकता है। इससे भारत वैश्विक खाद्य उत्पादन और कृषि प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन सकता है। कार्यशाला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान उद्योग और अकादमियों से आए विशेषज्ञों के ओपन पैनल डिस्कसन हुआ इसमें उद्योगों के सामने आर ही वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार-विमर्श हुआ। अकादमिक विद्वानों ने अनुसंधान, उत्पाद व्यावसायीकरण और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रबंधन से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर भी चर्चा की। कार्यशाला में एग्रीहब के सहयोगी अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र, भारतीय फसलों के लिए एक समर्पित डेटा रिपॉजिटरी और उच्च-प्रदर्शन संगणना (एचपीसी) अधोसंरचना के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड (बीसीआईएल) के साथ एमओयू किया गया। इसके अंतर्गत केन्द्रीय जैव प्रौद्योगिकी विभाग की विभिन्न कृषि तकनीकों पर सहयोग बढ़ाया जाएगा। कार्यशाला में प्रिसीजन एग्रीकल्चर, जीनोम विश्लेषण और बीज परीक्षण क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख उद्योगों ने एग्रीहब परियोजना के तहत संयुक्त कार्यक्रम विकसित करने की सहमति व्यक्त की। साथ ही, विभिन्न स्टार्ट-अप्स और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने किसानों के लाभ के लिए संयुक्त कार्यक्रम विकसित करने की इच्छा व्यक्त की।

# रंगपंचमी के रंग में रंगे नकुलनाथ, गाया फाग गीत, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

छिंदवाड़ा (ए.)। छिंदवाड़ा जिले में मंगलवार को पूर्व सांसद नकुलनाथ ने अपने समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रंगपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया। यह आयोजन राजीव भवन परिसर में हुआ, जहां चारो ओर रंग और गुलाल उड़ता नजर आया। कार्यक्रम के दौरान फाग गायन का भी आयोजन किया गया, जिसमें नकुलनाथ ने कार्यकर्ताओं के साथ लोक गीतों का आनंद लिया। रंगों की बौछार और ढोल-नगाड़ों की धुन पर कांग्रेस कार्यकर्ता जोश में झूमते नजर आए।

रंगपंचमी के इस उल्लासपूर्ण माहौल के बीच नकुलनाथ ने कहा, यह तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि अगले साल यह आयोजन और भी भव्य रूप से मनाया जाएगा।



फाग गाते नकुलनाथ।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रही भारी भीड़**

इस आयोजन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकाटे, आनंद बक्षी, पप्पू यादव, नेता प्रतिपक्ष सोनू मागो, महिला कांग्रेस अध्यक्ष किरण चौधरी, सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, रंगपंचमी का यह आयोजन सिर्फ एक त्योहार का जश्न नहीं था, बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने और आगामी चुनावों के लिए माहौल तैयार करने का एक संकेत भी हो सकता है।

**छिंदवाड़ा में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन?**

छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, और ऐसे आयोजनों के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता को और मजबूत किया जाता है।

## निजी ट्रेवल्स के डिपो में खड़ी दो बसें जली, पास ही था पेट्रोल पंप, बड़ा हादसा टला

इंदौर (ए.)। इंदौर में चोइराथराम क्षेत्र में एक निजी बस एजेंसी के डिपो में खड़ी दो बसें अचानक जल कर खाक हो गई। जब यह घटना हुई तब बस में कोई यात्री नहीं थे और न ही बस का इंजन स्टार्ट था। पार्किंग में खड़ी एक बस में आग लगी, फिर समीप खड़ी दूसरी बस ने भी आग पकड़ ली। बस में आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है।



बसों से धुआं उठते देख एजेंसी के कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग तेजी से बस के अलगे हिस्से में भी फैल चुकी थी। फायर ब्रिगेड की दमकमों के पहुंचने तक बसें जलकर खाक हो गई। जिस जगह आग लगी, उसके समीप ही एक पेट्रोल पंप भी है। दोनो बसें राजरतन ट्रेवल्स से जुड़ी है।

## एसपी कार्यालय में हुआ हंगामा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा की गिरफ्तारी की मांग



ग्वालियर(ए.)। ग्वालियर जिले में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिला एक बार फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। फरियादी महिला ने पुलिस पर कांग्रेस नेता सुनील शर्मा के खिलाफ कार्रवाई न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, पुलिस द्वारा नोटिस दिए जाने के बावजूद महिला ने अपने दर्ज नहीं कराए, जिसके बाद मामला काफी पेचीदा हो गया है।

गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंची कांग्रेस नेत्री ने सोशल मीडिया पर अभद्र कमेंट को लेकर कांग्रेस के ही प्रदेश महासचिव महासचिव सुनील शर्मा और उनके समर्थक जितेंद्र भदौरिया पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद ग्वालियर का सियासी पारा गर्म हो गया था। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने के खिलाफ महिलाओं के साथ कांग्रेस नेत्री एसपी ऑफिस में धरने पर बैठ गई हैं।

## भूकंप, आग और प्राकृतिक आपदा से कैसे बचें...बिल्डिंग में फंसे हैं तो क्या करें, बताया ये तरीका

मैहर (ए.)। मैहर में अचानक से धरती हिलने लगी, लोगों में अफरा-तफरी का आलम देखने को मिला। लोग यहां से वहां भागने लगे और घायलों को रस्सी के सहारे नीचे उतारा जाने लगा। एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। दरअसल, यह पूरा माजरा मॉकड्रिल का है।



बता दें कि मैहर में 11 एनडीआरएफ की टीम के द्वारा मॉकड्रिल किया गया, जिसमें किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी टीम तैयारी के साथ रहती है। 11 एनडीआरएफ की टीम के द्वारा मैहर मां शारदा धाम के नीचे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें टीम के द्वारा आपदा के समय बचाव और राहत कार्य किस प्रकार किया जाता है, इसका जीता जागता उदाहरण पेश किया।

घायलों को ऊंची जगह से कैसे लिफ्ट करना और उन्हें नीचे तक पहुंचाना फास्टेस्ट सुविधा देने के बाद उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल तक पहुंचाना। 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीम की ओर से बुधवार को भूकंप आग एवं प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकलने के लिए मॉकड्रिल किया गया।

## फांसी के फंदे पर झूलते युवक की पुलिस ने बचाई जान, ये रहा पूरा मामला

नर्मदापुरम (ए.)। अक्सर देखने और सुनने को मिलता है कि पति से प्रताड़ित होने पर पत्नी थाने में शिकायत करने पहुंची है। लेकिन पत्नी से प्रताड़ित पति के मामले कम ही देखने को मिलते हैं। पत्नी से प्रताड़ित होने का एक मामला मंगलवार को नर्मदापुरम जिले के इटारसी शहर में सुनाई और दिखाई दिया। इसमें एक युवक ने पत्नी से प्रताड़ित होने पर आत्महत्या करने के लिए फांसी के फंदे पर झूल गया।

# मऊगंज में युवक और पुलिस की हत्या का रीवा में विरोध, सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी

रीवा (ए.)। मऊगंज जिले में युवक और पुलिसकर्मी की निर्मम हत्या के बाद रीवा जिले में आक्रोश फूट पड़ा है। मंगलवार सुबह से ही ब्राह्मण और राजपूत संगठनों समेत कई सामाजिक संगठन सड़कों पर उतर आए और रीवा बंद करवाने के लिए व्यापक प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने रीवा के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र शिल्पी प्लाजा में सड़क पर बैठकर आवागमन बाधित कर दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वे शहर के विभिन्न बाजारों में घूमकर दुकानदारों से प्रतिष्ठान बंद करने की अपील कर रहे हैं। हालांकि, कुछ इलाकों में पूरी तरह बंद का असर देखा गया, वहीं कुछ स्थानों पर दुकानें खुली रहीं।




**सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सहायता की मांग**

प्रदर्शनकारी हत्या के आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। साथ ही मृतक युवक के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देने की मांग भी जोर पकड़ रही है। संगठनों का कहना है कि जब अन्य समुदायों के मामलों में सरकार त्वरित कार्रवाई करती है, तो इस मामले में भी न्याय मिलना चाहिए।

**पुलिस अलर्ट मोड पर, संवेदनशील इलाकों में भारी बल तैनात**

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने शिल्पी प्लाजा और अन्य संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया है। दो थाना प्रभारी और हेलमेट, जैकेट व लाठी-डंडों से लैस पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद हैं। प्रशासन हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## बोर्ड परीक्षा में 90 त्न लाने वाले बच्चों की तीन बार चेक हो रही कॉपी, चार दिन में तीन हजार कापियां जांची

सीहोर(ए.)। इस समय दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। इसके साथ ही कॉपियों के मूल्यांकन की शुरुआत हो गई है। सीहोर जिले में एक्सीलेंस स्कूल को सेंटर बनाया गया है। मंडल ने मूल्यांकन के लिए जारी निर्देशों के तहत उन कॉपियों की जांच तीन बार हो रही है, जिन्हें 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए हैं।

बोर्ड परीक्षा के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के लिए काम शुरू हो रहा है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए आंसरशीटों में बार कोडिंग की गई है। इससे मूल्यांकनकर्ता को परीक्षार्थी का रोल नंबर की जानकारी नहीं रहेगी। पिछले साल



की तरह इस बार भी दोनों ही बोर्ड कक्षाओं की करीब दो लाख कॉपियां मूल्यांकन के लिए आने का अनुमान है। एक मूल्यांकनकर्ता को एक दिन में न्यूनतम 30 और अधिकतम 45 कॉपी जांचने का लक्ष्य दिया है। मूल्यांकन के दौरान शिक्षक गड़बड़ी न करें, इसके लिए पहले ट्रेनिंग दी गई है। कॉपियों की जांच का तरीका बताया गया है। अंकों की गणना कैसे करना है, उसके बारे में जानकारी दी गई है।

**चार दिन में तीन हजार कापियां हो चुकी चेक**

बोर्ड परीक्षाओं की कापियों का 13 मार्च से मूल्यांकन शुरू हुआ है। जिले के एक्सीलेंस स्कूल में कापियों का मूल्यांकन हो रहा है। इनमें तीन विषयों में कक्षा दसवीं की हिन्दी व्यवसायिक, कक्षा 12 की हिन्दी, अंग्रेजी वोकेशनल विषय की कापियां चेक हो रही हैं। मूल्यांकन केन्द्र पर मूल्यांकन के लिए 50 हजार कापियां चेक होने आ चुकी हैं। अभी 139 शिक्षक मूल्यांकन कर रहे हैं और करीब तीन हजार कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है।

**व्यापार समाचार**

## भारत में टेस्ला इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री के लिए उठा रही बड़े कदम



नई दिल्ली (ए.)। भारत में अमेरिकी कंपनी टेस्ला अपनी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री को लेकर बड़े कदम उठा रही है। अब कंपनी ने अपनी दो इलेक्ट्रिक कारों के सर्टिफिकेशन और होमोलॉगेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, टेस्ला इंडिया मोटर और एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने मॉडल वाय और मॉडल 3 कारों के होमोलॉगेशन के लिए दो नए आवेदन जमा किए हैं। होमोलॉगेशन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि वाहन भारतीय सड़कों पर चलने के लिए सुरक्षित और उपयुक्त है। इसमें वाहनों के उत्सर्जन और सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। इससे पहले, टेस्ला भारत में होमोलॉगेशन के लिए सात आवेदन जमा कर चुकी थी, जिनमें से एक हाल ही में मंजूर हुआ था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका और भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर बातचीत कर रहे हैं। चीन में सख्त होते नियमों के कारण मस्क दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कार बाजार भारत में एंट्री करना चाहते हैं।

हालांकि, भारत सरकार चाहती है कि टेस्ला स्थानीय स्तर पर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करे, जबकि मस्क शुरुआत में आयातित कारों की बिक्री पर जोर दे रहे हैं।

# सोने ने बनाया 88,381 रुपए का नया रिकॉर्ड, चांदी 1,00,900 रुपये के करीब

नई दिल्ली (ए.)। सोने के भाव आए दिन नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव 3,000 डॉलर को पार कर स्पॉट और फ्यूचर दोनों बाजार में सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में भी सोना 88,381 रुपये के सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गया। चांदी के भाव में तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। इस समय सोने के वायदा भाव 88,350 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 1,00,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट



251 रुपये की तेजी के साथ 88,274 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 88,023 रुपये था। इस समय यह 352 रुपये की तेजी के साथ 88,375 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 428 रुपये की तेजी के साथ 1,00964 रुपये पर खुला।

पिछला बंद भाव 1,00536 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 424 रुपये की तेजी के साथ 1,00960 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में मंगलवार को सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,009.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,006.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 17 डॉलर की तेजी के साथ 3,023.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इंट्राडे में भाव 3,024.10 डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। स्पॉट मार्केट में भी 3,012 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 34.38 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 34.30 डॉलर था।


## रुपया बढ़त के साथ बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया 26 पैसे बढ़कर 86.55 रुपये पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 10 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.71 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय मुद्रा में तेजी सीमित रही क्योंकि निवेशक बढ़ती वैश्विक व्यापार चिंताओं के संभावित आर्थिक प्रभाव से जूझ रहे हैं। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.71 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.81 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की बढ़त के साथ 103.56 पर रहा।

## हैरियर ईवी एसयूवी के इंटीरियर की दिखाई झलक

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी अपकमिंग हैरियर ईवी ऑल-व्हील-ड्राइव के फीचर्स और कंपैटिबिलिटी का खुलासा किया है। सोशल मीडिया पर जारी किए गए टीज़र में इस ईवी एसयूवी के इंटीरियर की झलक देखने को मिली। पहली बार इसे भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रदर्शित किया गया था, और यह साल के अंत तक आधिकारिक रूप से लॉन्च हो सकती है। हैरियर ईवी का केबिन इसका सबसे बड़ा आकर्षण है। इसमें हरमन का 12.3-इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम और 10.25-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलेगा, जो नेविगेशन मैप भी दिखाएगा। इसके अलावा, दो-टोन कलर डैशबोर्ड, टच बटन, टॉगल स्विच, डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, टेरेन मोड्स के लिए डायल और चार-स्पोक स्टीयरिंग व्हील पर इल्यूमिनेटेड टाटा बैज देखने को मिलेगा। हैरियर ईवी टाटा की नई जनरेशन 2 एक्टिव.ईवी आर्किटेक्चर पर आधारित होगी। यह कंपनी की पहली ऑल-व्हील-ड्राइव ईवी होगी, जिसमें डुअल-मोटर सेटअप होने की उम्मीद है।



# कोरोना और 2008 पर भारी व्यापार युद्ध : एफआईआई ने निकासी के तोड़े रिकॉर्ड, 1.53 लाख करोड़ रुपये के बेचे शेयर

नई दिल्ली (ए.)। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से निकासी के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसकी प्रमुख वजह व्यापार युद्ध गहराने की आशंका है, जिस कारण निवेशकों ने कोरोना में बाजार में औंधे मुंह गिरावट और 2008 में वैश्विक मंदी को भी पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के समाप्त होने में 13 दिन बाकी हैं, फिर भी इन निवेशकों ने शुद्ध रूप से 1.53 लाख करोड़ के शेयर बेच दिए हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष से पहले 1.40 लाख करोड़ की सबसे बड़ी निकासी 2021-22 में हुई थी। वित्त वर्ष 2008-09 के दौरान वैश्विक मंदी में 47,706 करोड़ रुपये निकाले गए थे। 2022-23 में 37,000 करोड़ के शेयर बेचे थे। हालांकि, इन निवेशकों ने 2020-21 में सबसे ज्यादा 2.74 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।

**जनवरी से अब तक 1.43 लाख करोड़ की बिकवाली**

चालू कैलेंडर वर्ष की बात करें तो इसमें भी विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड निकासी की है। 2025 में जनवरी से अब तक कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये




के शेयर बेचे हैं। इससे पहले 2022 में शुद्ध रूप से 1.21 लाख करोड़ और 2008 में 52,987 करोड़ रुपये की बिकवाली हुई थी, जबकि सबसे अधिक निवेश 2023 में 1.70 लाख करोड़ रुपये का रहा है।

2020 में 1.70 लाख करोड़ रुपये, 2012 में 1.28 लाख करोड़ और 2010 में 1.33 लाख करोड़ रुपये का भारी निवेश किया गया था।

**1992-93 में भारत में आए थे एफआईआई**

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने पहली बार 1992-93 में भारतीय शेयर बाजार में 13 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। 1993-94 में यह रकम बढ़कर 5,127 करोड़ रुपये हो गई थी। 1998-99 में पहली बार 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश हुआ। 2007-08 में पहली बार घरेलू बाजार में विदेशी निवेश 50,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचा था।

**घरेलू बाजार में लगे हैं 50 लाख करोड़**

विदेशी निवेशकों का घरेलू बाजार में करीब 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश है। एफआईआई जब भी भारतीय बाजार से रकम निकालते हैं, उसका असर हमारे बाजार पर दिखता है। इस वित्त वर्ष में अक्तूबर से इन निवेशकों ने निकासी शुरू की है और तब से सेंसेक्स और निफ्टी में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## प्रतिस्पर्धी बने सहायक

भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका में आ सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका पर सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी। भारत के दूरसंचार बाजार में लगभग ड्यूपॉली (द्वि-अधिकार) की स्थिति है। रिलायंस जियो और भारती एयरटेल का बाजार के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा है। इन्हें प्रतिस्पर्धी कंपनियां समझा जाता है। सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के क्षेत्र में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस-एक्स के उतरने की संभावना के बीच अपेक्षा थी कि दोनों कंपनियां आपसी प्रतिस्पर्धा जारी रखते हुए स्पेस-एक्स की स्टारलिंक सेवा के साथ होड़ करेंगी। मगर अब सूरत यह है कि भारत में उपग्रह इंटरनेट सेवा शुरू होने के पहले ही उसमें स्टारलिंक की मोनोपॉली (एकाधिकार) कायम हो गई है। जिन कंपनियों से प्रतिस्पर्धा की अपेक्षा थी, वे स्पेस-एक्स की सहायक बन गई हैं। दोनों कंपनियों ने स्पेस-एक्स से जो करार किया, उससे साफ है कि ये भारतीय बाजार में स्टारलिंक सेवा प्रदान करने वाली एजेंसी की भूमिका में होंगी। इसीलिए इन कंपनियों के बीच हुए करार को आश्चर्यजनक घटना माना गया है। जियो भारत में सबसे बड़ा टेलीकॉम ऑपरेटर है। अनुमान है कि उसके 48 करोड़ से अधिक यूजर हैं। अब वह अपने रिटेल स्टोरों में स्टारलिंक के उपकरण का स्टॉक करेगी। उसके हजारों आउटलेट्स का उपयोग स्टारलिंक अपने प्रत्यक्ष वितरण केंद्र के रूप में करेगी। इसी भूमिका में एयरटेल भी होगी। यहां याद करना उचित होगा कि सैटेलाइट इंटरनेट के स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर मस्क और भारतीय कंपनियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी। रिलायंस चाहती थी कि सेटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी हो। मस्क की कंपनी का तर्क था कि स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रशासनिक रूप से किया जाए। लेकिन अब सारा विवाद दूर हो गया है। वह भी तब, जबकि भारत सरकार ने स्पेक्ट्रम का आवंटन किया नहीं है। वैसे मीडिया कयास के मुताबिक इन करार के पीछे भारत और अमेरिका की सरकारों ने भी परोक्ष भूमिका निभाई है। इस घटनाक्रम से भारतीय पूंजीवाद के रूप पर नई बहस खड़ी होगी। भारत के 'राष्ट्रीय चैंपियन' इतनी सहजता और स्वेच्छा से बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहायक की भूमिका को स्वीकार कर सकते हैं, तो उनके राष्ट्रीय चरित्र एवं भूमिका से जुड़े सवाल खड़े होंगे। इससे भारत उदय की सारी कथा पर नए सिरे से सोचने की परिस्थिति पैदा होगी।

# भारत में वस्त्र क्षेत्र की क्रांतिः एक उदीयमान उपभोक्ता पावरहाउस की गाथा

## परिवर्तन का एक दशक – समृद्ध भारत का उदय

**केन्द्रीय वस्त्र मंत्री, श्री गिरिराज सिंह**

एक दशक पूर्व भारत की जनसंख्या लगभग 125 करोड़ थी। उपभोक्ताओं का खर्च मुख्य रूप से इच्छा के बजाय आवश्यकता से प्रेरित होता था। खरीदारी का पूर्वानुमान लगाना बहुत ही आसान था। त्योहारों के लिए नए कपड़े, सावधानीपूर्वक योजना आधारित खर्च और फिजूलखर्ची की बजाय बचत पर ध्यान केंद्रित किया जाता था। लक्जरी ब्रांडों की दूर से प्रशंसा की जाती थी। उच्च श्रेणी का फैशन अभिजात वर्ग तक ही सीमित था। आज देश की जनसंख्या लगभग 142 करोड़ हो गई है। मध्यम वर्ग तेजी से बढ़त की ओर है। वही परिवार पूरे आत्मविश्वास से प्रीमियम स्टोर में कदम रखता है। वही परिवार आसानी से ऑनलाइन खरीदारी करता है। इतना ही नहीं, अपने जीवन में अनेक अवसरों को उत्सव के तौर पर देखता है। भारत अब न केवल आगे बढ़ रहा है, बल्कि यह समृद्ध भी हो रहा है। बढ़ती क्रय शक्ति, विकसित हो रही उपभोक्ता मानसिकता और अंतिम-मील डिजिटल कनेक्टिविटी ये तीनों इस बदलाव के मुख्य वाहक हैं। आर्थिक सुधार अभूतपूर्व रहा है। इसे बढ़ती आय, सरकार समर्थित विनिर्माण पहल और डिजिटल रूप से सशक्त भारत के माध्यम से पंख लगे हैं। 2020 में आत्मनिर्भर भारत योजना शुरू की गई। इस विजन ने आत्मनिर्भरता की नींव रखी। इसे प्रोडकशन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्कों द्वारा और सशक्त किया गया। जैसे-जैसे विनिर्माण में उछाल आया, रोजगार सृजन हुआ और इसके साथ ही डिस्पोजेबल आय में वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप भारतीयों के खर्च करने के तरीके बदल गए। उपभोग अब भारत के विकास की गाथा के केंद्र

में है, जो कपड़ा क्षेत्र को स्वर्ण युग में ले जाने के लिए तैयार है। एक सशक्त भारत – आत्मविश्वास से परिपूर्ण, साहसी और आकांक्षी पिछले कई वर्षों में, आकांक्षाएं सचमुच वास्तविकता से आगे निकल गईं। लोगों ने कड़ी मेहनत की, बड़े सपने देखे, फिर भी अवसर पहुंच से बाहर लगे। फिर नीति-संचालित

परिवर्तन के एक दशक ने महत्वाकांक्षा को उपलब्धि में बदल दिया। इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ, डिजिटल इंडिया ने आकार लिया और आर्थिक सुधार मूर्त विकास का इंजन बन गए। इसके प्रभाव से भारत एक गुणवत्ता, शैली और सुविधा को अपनाने के लिए तैयार आत्मविश्वासी उपभोक्ताओं वाले देश के रूप में विकसित हो गया। आय में उछाल आया है। प्रति व्यक्ति आय 2014-15 में 72,805 रुपए से बढ़कर 2023-24 में 1.88 लाख रुपए हो गई है और 2030 तक 3.5 लाख रुपए तक पहुंचने



का अनुमान है। आज छह करोड़ भारतीय सालाना 8.3 लाख रुपए से अधिक कमाते हैं – 2015 की संख्या सेदोगुने से भी अधिक है। यह बढ़ती समृद्धि फैशन, कपड़ा और जीवन शैली वाले उत्पादों की अभूतपूर्व मांग को बढ़ावा दे रही है। 2027 तक, भारत चौथा सबसे बड़ा उपभोक्ता टिकाऊ बाजार होगा, जो न केवल सामर्थ्य बल्कि आकांक्षाओं से प्रेरित होगा। कोविड के बाद उपभोक्ताओं के व्यवहार में बदलाव एक गेम-चेंजर रहा है। डिजिटल पहुंच बढ़ी, ऑनलाइन रिटेल फला-फूला और यूपीआई लेनदेन आसमान छू गया। वित्त वर्ष 2013- 14 में 220 करोड़ से इस डिजिटल परिवर्तन ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाट दिया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि चाहे मेट्रो शहर में रहें या छोटे शहर में, भारतीयों के पास अब वैश्विक और स्थानीय फैशन तक निर्बाध पहुंच है। भारत की फैशन क्रांति – परंपरा का महत्वाकांक्षा से मिलन कभी पश्चिमी अवधारणा, फास्ट फैशन अब युवा भारतीयों के लिए जीवन का एक तरीका है। जो कभी अनन्य था, वह अब पहुंच के भीतर है। इसका श्रेय ज्यूडियो, रिलायंस ट्रेंड्स और

शीन जैसे ब्रांडों को जाता है। ये ब्रांड 10 बिलियन डॉलर के उद्योग को बढ़ावा दे रहे हैं। यह कारोबार 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए तैयार है। लेकिन यह बदलाव केवल सामर्थ्य के बारे में नहीं है – लक्जरी और विरासत वाले वस्त्र फास्ट फैशन के साथ- साथ फल-फूल रहे हैं। जैसे-जैसे आकांक्षी परिवार 2027 तक 100 मिलियन का आंकड़ा पार कर रहे हैं, हस्तनिर्मित कपड़े, रेशम की साड़ियां और उच्च श्रेणी के डिजाइनर परिधान फिर से उभर रहे हैं। यह क्रांति कोई संयोग भर नहीं है। यह सरकार द्वारा संचालित पहलों का प्रत्यक्ष परिणाम है। बिचौलियों को खत्म करके कारीगरों के प्लेटफार्मों को डिजिटल बनाकर और सीधे ग्राहक- से-कारीगर कनेक्शन को सक्षम करके, डिजिटल इंडिया ने फैशन को खरीदने और बेचने के

तरीके को बदल दिया है। महाराष्ट्र की पैठणी, कश्मीर की पश्मीना – अब एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध है। फैशन का यह लोकतंत्रीकरण कारीगरों को सशक्त बना रहा है। इससे विरासत शिल्प को पुनर्जीवन मिल रहा है, और भारत की वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर सबसे आगे आ रहा है।विलासिता और विरासत – पहले की तुलना में अधिक सुलभ भारतीय शादियां हमेशा भव्य रही हैं। किंतु, आज वे अरबों-खरबों डॉलर की आर्थिक शक्ति हैं। 45 बिलियन डॉलर का विवाह उद्योग पारंपरिक बुनाई क्लस्टरों में नई जान फूंक रहा है। इसमें परिवार बड़े पैमाने पर उत्पादन के बजाय कलात्मकता को चुन रहे हैं। विलासिता अब लेबल के बारे में नहीं है, यह विरासत के बारे में है। दुल्हन और दूल्हे विशिष्टता का विकल्प चुन रहे हैं। वे हाथ से बुने हुए बनारसी रेशम, जटिल कांजीवरम और भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का जश्न मनाने वाले डिजाइन का चयन कर रहे हैं। लेकिन परिवर्तन केवल परिधान तक ही सीमित नहीं है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसकी सुंदरता की चाहत भी बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2019-23 के बीच रियल

एस्टेट की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, और बड़े, अधिक परिष्कृत घरों के साथ हस्तनिर्मित साज-सज्जा, डिजाइनर असबाब और विरासत सजावट की मांग बढ़ गई है। आधुनिक घर अब भारतीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन बन गए हैं। इसके परिणाम स्वरूप हाथ से बने वस्त्रों की मांग फैशन से परे इंटीरियर और लक्जरी लिविंग में बढ़ रही है। भारत के वैश्विक फैशन नेतृत्व की शुरुआत भारत का कपड़ा उद्योग अब केवल उत्पादन के बारे में नहीं है। यह नवाचार, डिजाइन और वैश्विक प्रभाव के बारे में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, मेक इन इंडिया डिजाइन इन इंडिया में विकसित हुआ है, जहां भारतीय रचनात्मकता अंतरराष्ट्रीय फैशन को आकार देती है। अनुसंधान और विकास पर सरकार का ध्यान और एक संपन्न  टार्टअप

इको-सिस्टम को बढ़ावा देने से बेजोड़ आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तीन टी टैक्सटाइल (वस्त्र), टूरिज्म (पर्यटन) और टैक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी) – पर काम करते हुए अपना देश अब एक विकसित भारत की नींव रख रहा है।



रॉयल न्यूज़ीलैंड नौसेना के प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग 18 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह से मुलाकात करते हुए।

# क्रोनी खरबपतियों का गुर्दा!

**हरिशंकर व्यास**

भारत में ही इस तरह सोचना होता है तो सोचें, पैसा व्यक्ति को निडर बनाता है या कायर? पैसा ईमानदारी बनवाता है या बेईमानी? पैसे की अमीरी में प्रतिस्पर्धा का हौसला बनना चाहिए या हारने का डर? पैसा संतोष पैदा करता है या भूखा बनाता है? पैसे से दिमाग सत्य में बेधड़क होता है या झूठ की तूताड़ी बजाता है?

इन सवालों के जवाब मनुष्यों की नस्ल, देश के सभ्य या असभ्य होने की प्रकृति पर निर्भर है! मगर भारत का, उसके सर्वकालिक जगत सेठो, अंबानी, अडानी, मित्तल आदि नामों के खरबपतियों का एक ही इतिहास है। और वह अमिट है। वह बताता है कि पैसा भारत में भ्रष्टाचार, लूट और भयाकुलता तीनों की त्रिवेणी है। नतीजतन पैसा भारत में भीरूता बनाता है। लूट बनवाता है और साथ ही कायर व अप्रतिस्पर्धी भी। इसलिए अधीनता, गुलामी और एजेंटगिरी गारंटीशुदा है। गंभीरता से विचारें कि अंबानी, अडानी, मित्तल आदि धन्नासेठों के देश और विदेश में क्या मायने हैं? मेरा मानना है दुनिया में कही भी ऐसे धनपति नहीं हैं, जैसे भारत के हैं! ये भारत के कुलीन-अमीर वर्ग के वे प्रतीक हैं, जिस पर कभी लालकृष्ण आडवाणी ने पत्रकारों के संदर्भ में बोला था कि झुकने को कहा था, लेकिन वे रेंगने लगे।

पर पत्रकार तो भारत का दीन-हीन बेचारा नारद है। उन खरबपतियों पर सोचें, जो शेर को पालतू बना कर प्रधानमंत्री से शेर के पिल्लों को दूध पिलवा बहादुरी के तराने बनवाते हैं! फिर मालूम होता है कि वे खुद और उनके साथ देश ही इलॉन मस्क के चरणों में लोटपोट है। बहुत खराब! बहुत क्षोभजनक!

वह इलॉन मस्क, जिसकी इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी स्टारलिंक के खिलाफ मुकेश अंबानी, सुनील मित्तल अर्थात रिलायंस जियो और एयरटेल ने साझा तौर पर मोदी सरकार के आगे नियमों, कायदों, सैद्धांतिक आधारों पर दलीलें दीं। मस्क की कंपनी के भारत प्रवेश को रोके रखा। मगर गुजरे सप्ताह रातों रात इन्होंने इलॉन मस्क की कंपनी के साथ मार्केटिंग सौदे कर डाले! उसके वेंडर हो गए! भारत की ये दो संचार कंपनियां अपनी ग्राहक संख्या, भारत के विशाल बाजार पर अपनी मोनोपॉली में अपने आपको शेर खां समझती थीं। जियो के मालिक मुकेश अंबानी इलॉन मस्क को रोकने के लिए यहां तक हवाबाजी कर रहे थे कि रिलायंस भारत में खुद की सेटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करेगा। सरकार को नीलामी से ही अंतरिक्ष स्पेक्ट्रम के आवंटन की नीति पर टिके रहना चाहिए। ध्यान रहे दो वर्षों से इलॉन मस्क की कंपनी भारत में उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा शुरू करने की अनुमति के लिए हाथ-पांव मार रही थी। लेकिन अंबानी और मित्तल ने कंपीटिशन के डर में, भारत के लोगों को घटिया सर्विस का गुलाम बनाए रखने, बेइंतहां मुनाफा कमाते रहने की भूख, देश की आत्मनिर्भरता के झूठ से इलॉन मस्क की कंपनी की एंट्री पर रोड़े अटका रखे थे।

और अब क्या सच्चाई है? भारत के ये क्रोनी पूंजीपति इलॉन मस्क की कंपनी का वेलकम ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि रातों रात स्टारलिंक कंपनी से करार करके उसके मार्केटिंग एजेंट हो गए हैं! तभी सोचें, भारत के इन अरबपतियों की दशा पर? इन्हें इलॉन मस्क की कंपनी से अपने बाजार, अपने अखाड़े में लड़ना चाहिए था, कंपीटिशन दे कर अमेरिकी कंपनी को नानी याद करानी थी या उससे कमीशनखोरी का करार कर उसकी सेवा की बिक्री करवाने का धंधा बनाना था? जिन दो भारतीय कंपनियों ने संचार में वर्चस्व से अपने को शेर खां बनाया है उनमें यह निडरता, यह ताकत क्यों नहीं जो विदेशी कंपनी से अपने अखाड़े में लड़ने, उसे हराने के लिए कमर कसते!

क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदेश दिया कि लड़ना नहीं उससे सौदा पटाना है?

कुल मिला कर वही कहानी है, वही सत्य है जो ईस्ट इंडिया कंपनी, चाइनीज कंपनियों के आगे भारत के धनपतियों, व्यापारी, उद्योगपतियों का था और है। भारत में सबको सिर्फ आसान पैसा चाहिए। भारत में हाथ काले करके, कड़ी मेहनत और सच्ची-अच्छी सेवा-सामान देने के बजाय केवल और केवल जैसे-तैसे पैसा कमाने का नशा है, संस्कार और शिक्षा है। मौके, स्थितियों का फायदा उठाना अंबानी-अडानी छाप व्यापारियों का इसलिए डीएनए है क्योंकि पैसे कमाने का यही आसान तरीका है। इलॉन मस्क को पहले आने मत दो और यदि आए तो उसके एजेंट, वेंडर बन जाओ। उससे साझा करके उसे समझाओ कि वह दुनिया में बाकी जगह भले सस्ती-अच्छी सेवा दे लेकिन भारत के बाजार में महंगी सेवा देनी है। ताकि तुम भी कमाओ और हम भी कमाएं। ग्राहकों को सर्विस या उनकी शिकायतों जैसे काम हमारी कंपनी संभाल लेगी! जाहिर है धंधे की इस तरकीब में भारत में संचार वैसा ही घटिया और महंगा बना रहेगा जैसा शुरू से आज तक है।




मेष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। आज धन लाभ के नए सोर्स मिलेंगे। इस राशि के युवाओं की विज्ञान के क्षेत्र में की रुचि बढ़ेगी। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को खुशखबरी मिल सकती हैं। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति लापरवाही करने से बचना चाहिए।

वृष राशि : आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज आपके पराक्रम और धैर्य में वृद्धि होगी। आज बिजनेसमैन को लाभ होने की संभावना है। इस राशि की महिलाएं अपने व्यवसाय और नौकरी में विशेष सफलता हासिल करेंगी। आज घर का माहौल खुशनुमा बनाने के लिए कुछ समय परिजनों के साथ बिताएंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आज आपका मन अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। आज रुका हुआ कार्य पूरा होने वाला है, हालांकि अधिक मेहनत भी करनी पड़ेगी। आपकी सकारात्मक और संतुलित सोच आपको तरीके से कार्य पूरा करने में मदद करेगी। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका उचित योगदान बना रहेगा।

कर्क राशि । आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन- मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। इस राशि के छात्रों को किसी विशेष सब्जेक्ट को लेकर बहुत अधिक एकाग्रता बनाए रखने की जरूरत है। आज अपनी सीक्रेट बाते किसी से भी शेयर ना करें। अगर बात करे सेहत की तो आपको सेहत को लेकर अलर्ट रहना होगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन में चल रही अनबन दूर करने की कोशिश करेंगे। आज व्यावसायिक मामलों में बहुत अधिक व्यस्तता बनी रहेगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा जरूर होगा। रुके हुए ऑफिशियल कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। ऑफिस में आपको किसी कार्य में सीनियर्स की मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य समय पर पूरा हो जाएगा। आज आपको अजनबी लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। साझेदारी में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आज सम्मानित व्यक्तियों के साथ समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज घर की सुख-सुविधा से संबंधितमूल्यवान वस्तुओं की खरीददारी संभव है। धर्म-कर्म के कार्यों में आज आपका मन लगेगा। आज नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपके निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू अथवा करियर में उचित सफलता मिलने की उम्मीद है। प्रॉपर्टी से संबंधित कार्यवाही चल रही है, तो आज बात बन सकती हैं। जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया आपके आत्मविश्वास को और अधिक मजबूत करेगा।

मकर राशि :आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी। कारोबार में रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी प्रकार की नकारात्मक स्थिति बनने पर धैर्य से काम लें, सब ठीक हो जायेगा। घर की किसी समस्या को आज शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास करेंगे।

कुंभ राशि :आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। पिछले कुछ समय से चल रही उलझन आज दूर होगी, जिससे खुद को रिलैक्स फील करेंगे। निवेश संबंधी कार्यों के लिए आज समय बहुत ही उत्तम है। आज घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व स्नेह आपको मिलेगा।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी समस्याओं का समाधान निकालने में आज आप सफल होंगे। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। अध्यात्म के प्रति रुचि रखना आपके स्वभाव को और अधिक विनम्र बनाएगा। आज घर में खुशी का माहौल बनेगा। जीवनसाथी के साथ आज आपका तालमेल बढ़िया रहेगा। आपको व्यापार में मुनाफा हो सकता है।

## मध्यप्रदेश सरकार का बजट

# मोदी-मंत्रों के साथ विकास की ऊँची उड़ान का संकल्प

**रमेश शर्मा**

डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट बहुआयामी है। इसमें विकसित मध्यप्रदेश की रूपरेखा के साथ प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी के तीनों मंत्र की झलक है। मोदीजी के ये तीन मंत्र च्विकास के साथ विरासत का सम्मान और च्लोकल फॉर वोकलज्‌ हैं । इस बजट आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के साथ विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के प्रावधान भी हैं। बिना कोई नया कर लगाये 15% की वृद्धि इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता है। वर्ष 2025-26 केलिये मध्यप्रदेश सरकार का बजट आ गया है। विशेषताओं, व्यापकताओं और नवाचारों से युक्त है। यह बजट बुधवार 12 मार्च को वित्तमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में प्रस्तुत किया। बजट में एक ओर मध्यप्रदेश की साँस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को सहेजा गया है तो दूसरी ओर आधुनिक दुनियाँ की दौड़ में अग्रणी रहने केलिये औद्योगिकरण को गति देने का प्रयास किया गया है। ताकि मध्यप्रदेश भारत के विकसित प्रातों में अग्रणी बन सके। बजट परिवार का हो, या किसी स्वायत्तशासी संस्थान का। अथवा किसी प्रगतिशील राष्ट्र का। उसमें अतीत के अनुभव, आधारभूत आयामों का सशक्तिकरण, आयवृद्धि के उपाय और व्यय का नियमन होना चाहिए। इसके साथ एक गतिमान वातावरण भी होना चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट इन आधारभूत आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह अनेक विशेषताओं, व्यापकताओं और नवाचारों से युक्त है। बजट में किसी भी पुरानी योजना को बंद नहीं किया गया है । और न कोई नया टैक्स लगाया गया है। किसी पुराने टैक्स में वृद्धि भी नहीं की गई।

### विरासत के साथ विकास

किसी भी परिवार, समाज और देश की अपनी विरासत होती है। उसमें विशेषताओं और वर्जनाओं दोनों की झलक होती है। विरासत और इतिहास वर्तमान पीढ़ी को अपनी विकास यात्रा में गतिमान बनाता है। विरासत में अनेक कथानक भी जुड़े होते हैं। इन कथानकों में उन्नति का संदेश और अवनति के प्रति सावधानी भी होती है। मध्यप्रदेश में ऐसे अनेक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और पुरातात्विक स्थल हैं । जो गौरवशाली अतीत के प्रसंगों से जुड़े हैं। मध्यप्रदेश सरकार के इस बजट में उन सभी स्थानों के विकास को महत्व दिया गया है। जिससे पर्यटन बढ़ेगा और मध्यप्रदेश की विशिष्ठ पहचान संसार के सामने आ सकेगी। इससे एक तीसरा लाभ भी है जो प्रदेश की वर्तमान पीढ़ी में एक विशिष्ट आत्म विश्वास का संचार करेगा। वही पौधा विशाल वृक्ष बनकर आसमान की ऊँचाइयों को छूता है जिसकी जड़ें गहरी होतीं हैं। यदि जड़ें कमजोर हैं तो वृक्ष पहली बरसाती बाढ़ में ही बह जायेगा। इसलिये जड़ों का गहरा और मजबूत होना जरूरी है। यही सिद्धांत समाज और राष्ट्र के दीर्घजीवन पर भी लागू होता है। इसीलिए प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी ने विकसित भारत यात्रा को विरासत से जोड़ा है। जिसे मध्यप्रदेश सरकार ने भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रात है। यह संसार के प्राचीनतम भूभागों में से एक है। अरावली, सतपुड़ा और विन्ध्याचल पर्वत श्रृंखलाओं से समृद्ध यह भूभाग तब भी था जब हिमालय नहीं था और यूरोप ने आकार भी नहीं लिया था। यहाँ करोड़ो वर्ष पुराने जीवाश्म और लाखों वर्ष पुराने शैलचित्र मिलते हैं। डायनासोर के जीवाश्म भी मध्यप्रदेश में मिले हैं। डॉ मोहन सरकार के इस बजट में इन सभी विशिष्ट स्थलों को सहेजने का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने संस्कृति पर्यटन और धर्मस्व विभाग में 1610 करोड़ का प्रावधान किया है। इसके अंतर्गत दो जीवाश्म पार्क विकसित करने किये जायेगें इनमें करोडों वर्ष पुराने डायनासोर के जीवाश्म सहित वे सभी च्फॉसिल्सज्‌ सहेजे जायेगें जो आज भी पूरे विश्व केलिये कौतुहल हैं। फॉसिल्स पार्क विकसित हो जाने से संसार भर के शोधकर्ता मध्यप्रदेश आयेंगे। इससे प्रदेश की साख पूरे संसार में बढ़ेगी और स्थानीय नागरिकों को रोजगार के परोक्ष अवसर भी मिलेंगे। इसके साथ औकारेश्वर, महाकाल उज्जैन, मैहर जैसे धार्मिक स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने के प्रावधान किये गये हैं। बजट में वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिये दो हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष प्रयागराज महाकुंभ में श्रृद्धालुओं की संख्या को देखकर मध्यप्रदेश सरकार अभी से सावधान हुई है। बजट में महाकाल लोक की भाँति ओंकारेश्वर महालोक विकसित करने का प्रावधान है। औकारेश्वर आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली भी रही है। यहाँ आचार्य शंकर अद्वैत वेदान्त संस्थान स्थापना के साथ अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान की स्थापना की जा रही है। इसके लिये पाँच सौ करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम अपनी वनयात्रा में मध्यप्रदेश भी आये थे। चित्रकूट से लेकर अमरकंटक तक उनकी यात्रा के चिन्ह हैं। बजट में रामपथ गमन के विकास केलिये तीस करोड़ का प्रावधान किया गया है। वही? महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण की यात्रा चिन्हों को समेटने केलिये श्रीकृष्ण पाथेय योजना पर दस करोढ़ रुपये का प्रावधान है। इनके अतिरिक्त धार्मिक और सांस्कृतिक अन्य 14 स्मारकों को सहेजने केलिये बजट में 507 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार इन सभी स्थलों पर अधोसंरचना के विकास के साथ पर्यटन प्रोत्साहन की योजना पर काम कर रही है । इससे दो लाभ होंगे एक तो पर्यटन से स्थानीय नागरिकों को परोक्ष रोजगार मिलेगा और दूसरा मध्यप्रदेश की विरासत संसार के सामने आ सकेगी। इन सभी स्थलों पर धार्मिक ग्रंथों, साहित्य और वैज्ञानिक अनुसंधान एवं अध्ययन केन्द्र भी स्थापित किये। इस मद पर सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

मध्यप्रदेश सरकार के इस बजट में यदि अपनी विरासत सहेजने का प्रावधान किया गया है तो आधुनिक विकास यात्रा केलिये औद्योगिकरण पर भी जोर दिया है । यह पूरा वर्ष उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। बजट में 39 नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की घोषणा की गई है, उद्योगों केलिये भूमि आवंटन की अवधि 59 दिन से घटाकर 29 दिन कर दिया गया है। निवेश अनुदान के लंबित प्रकरण के निराकरण केलिये बजट प्रावधान भी बढ़ाया है। इन निर्णयों से मध्यप्रदेश के औद्योगीकरण की गति बढ़ेगी।

विशेषकर उद्योग वर्ष मनाने की घोषणा से स्थानीय नागरिकों में उद्योग स्थापना के प्रति रुचि जाग्रत होगी। वे अपनी रुचि, प्रतिभा और क्षमता के अनुरुप अपना उद्योग व्यापार स्थापित करने की ओर प्रोत्साहित होंगे। मध्यप्रदेश सरकार की यह नीति आधुनिक दुनियाँ की प्रगति दौड़ में प्रदेश और देश को अग्रणी बनने केलिये महत्वपूर्ण है। आज की दुनियाँ में विकास की दौड़ की बुनियाद औद्योगिकरण है। औद्योगिकरण की मानों एक स्पर्धा चल रही है। इसमें अग्रणी रहने केलिये औद्योगिकरण में नवाचार जरूरी है।



## उदयपुर के घड़ी शोरूम में लगी भीषण आग, दुकानदार का परिवार सुरक्षित निकाला

उदयपुर (आरएनएस)। यहां बापू बाजार स्थित नटराज गली में शनिवार सुबह एक घड़ी के शोरूम में आग लग गई। आग लगने के बाद दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। हादसे के समय दुकानदार का परिवार तीसरी मंजिल पर फंसा हुआ था, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब टाइमेक्स शोरूम में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धमाकों की आवाज सुनकर इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की। तीन मंजिला इस इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर घड़ियों की दुकान है, जबकि तीसरी मंजिल पर दुकानदार निकेश वलवानी अपने परिवार के साथ रहते हैं। आग लगने के दौरान परिवार घर में ही था और बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। मौके पर पहुंचे सूरजपोल थाना के सूचना अधिकारी भावेश गुर्जर और एसआई वीरम सिंह ने सीढ़ी लगाकर परिवार के चारों सदस्यों को पास की बिल्डिंग से सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के बाद बाजार में भारी भीड़ जमा हो गई थी, जिसे पुलिस ने हटाया। सुरक्षा के लिहाज से आसपास की दुकानों को कुछ समय के लिए बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या पर अमेठी के पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

अमेठी, (आरएनएस)। सीतापुर जनपद में हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई, लेकिन अब तक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पत्रकार उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर प्रदेशभर में आक्रोश है, जिसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला माना जा रहा है। इसी को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (अमेठी शाखा) के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से सौंपा। पत्रकारों ने मांग की कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में पत्रकार बिना किसी भय के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान ये पत्रकार रहे मौजूद शेषनारायण त्रिपाठी, दिव्यांश मिश्रा, राकेश शुक्ला, राम मूरत यादव, अशोक कुमार पांडेय, कुलदीप सिंह, चंद्र प्रकाश मौर्य, मानसिंह अनुपम पांडे, राजाराम आर्य, मीनाक्षी मिश्रा और डॉ. एसपी पाल। क्या बोले पत्रकार संगठन के पदाधिकारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अमेठी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि अगर इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार की सहमति से सभी पत्रकारों ने मुख्यमंत्री से त्वरित न्याय की मांग की। इस घटना को लेकर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के पत्रकारों में गहरा रोष व्याप्त है।

## पाकिस्तान से आई सीमा हैदर के घर आई खुशी, बेटी को दिया जन्म; सोशल मीडिया से होगा नाम का सजेशन

नई दिल्ली(आरएनएस)। पाकिस्तान से भारत आने वाली सीमा हैदर और यहां उनके पति सचिन मीणा एक बार फिर खबरों में हैं। सीमा हैदर और सचिन मीणा के घर मंगलवार सुबह 4 बजे बेटी का जन्म हुआ है। सीमा को अपनी बहन मानने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह ने जानकारी दी कि सीमा सचिन मीणा ने एक प्राइवेट अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के जरिए बेटी को जन्म दिया है।उन्होंने कहा कि हमारे और पूरे परिवार के लिए ये खुशी का अवसर है कि जच्चा बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं। आगे हम नामकरण की प्रक्रिया में लोगों से सोशल मीडिया को जरिए नाम के सजेशन लेंगे। बेटी के जन्म से पहले ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में ही सीमा की गोद भराई की रस्म पूरी हुई थी। इस खास मौके पर सीमा के वकील और मुंह बोले भाई डॉ. एपी सिंह अपनी माता के साथ विशेष रूप से पहुंचे थे। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर रस्म को यादगार बनाया। गौरतलब है कि सीमा हैदर पब-जी गेम के जरिए सचिन मीणा के संपर्क में आई थीं। दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ा।

# औरंगजेब मकबरे विवाद के बीच अशांति बढ़ने पर नागपुर में बड़े समारोहों पर प्रतिबंध



नागपुर (ए.)। नागपुर में इन दिनों तनाव की स्थिति बनी हुई है। नागपुर के हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई और सोमवार देर रात कई घरों और वाहनों में तोड़फोड़ की गई है। नागपुर में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग के बीच अशांति बढ़ गई। शहर में उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब बजरंग दल के सदस्यों ने महल इलाके में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। जल्द ही कुरान के अपमान की अफवाह फैल गई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया और छह लोग तथा तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए। इसके बाद गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें पवित्र ग्रंथ को जलाने का आरोप लगाया गया। ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में रात 10:30 से 11:30 बजे के बीच झड़प हुई और एक अनियंत्रित भीड़ ने कई वाहनों को जला दिया और घरों और एक क्लिनिक में तोड़फोड़ की। नागपुर के पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (यह मजिस्ट्रेटों को तत्काल मामलों में बाधा, मानव जीवन के लिए खतरा, सार्वजनिक अशांति या दंगों को रोकने के लिए तत्काल निवारक आदेश जारी करने का अधिकार देती है, और इसे व्यक्तियों, विशिष्ट क्षेत्रों या आम जनता पर निर्देशित किया जा सकता है) शहर में लागू कर दी गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने क्षेत्र में शांति की अपील की और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। उन्होंने कहा, महल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस स्थिति को संभाल रही है...नागपुर एक शांतिपूर्ण शहर है जहां लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं, जो हमेशा से नागपुर की परंपरा रही है। किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें। नागपुर के पुलिस उपायुक्त अर्चित चांडक ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा पुलिस दल पर पथराव किये जाने के बाद पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। उन्होंने कहा, पत्थरबाजी हो रही थी, इसलिए हमने बल का प्रदर्शन किया और आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया...कुछ वाहनों में आग लगा दी गई, हमने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाई...कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए, और पथराव के दौरान मेरे पैर में भी हल्की चोट आई। लेकिन हम सभी से शांति बनाए रखने का आग्रह करते हैं।

## झारखंड के देवघर में इंडियन ऑयल प्लांट में लगी भीषण आग, खाली कराए गए गांव



रांची (ए.)। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के गांवों को खाली कराना शुरू कर दिया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्लांट के आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। प्लांट के नजदीक स्थित गांवों से लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। देवघर के जसीडीह में स्थित इंडियन ऑयल प्लांट में भीषण आग लग गई, जिसकी लपटें तेजी से पूरे प्लांट में फैल गईं। दूर से ही धुएं का गुबार और ऊंची लपटें दिखाई दे रही थीं, जिससे आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आस-पास के गांवों को खाली कराना शुरू कर दिया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्लांट के आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। प्लांट के नजदीक स्थित गांवों से लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। दमकलकर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल मौके पर हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

## सांसदों के साथ सीएम रेखा गुप्ता ने की बजट पर चर्चा, इन मुद्दों पर मिले सुझाव

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के भाजपा लोकसभा सांसदों के साथ बैठक की और शहर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद पहले बजट के लिए उनके सुझाव मांगे। भाजपा सरकार 24 से 26 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र के दौरान 2025-26 के लिए 'विकसित दिल्ली' बजट पेश करेगी, जिसका अनुमानित बजट लगभग 80,000 करोड़ रुपये होगा। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार का प्राथमिक लक्ष्य दिल्ली को आधुनिक सुविधाओं से लैस शहर के रूप में विकसित करना है। बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि आगामी



बजट का हमारा उद्देश्य आधुनिक बुनियादी ढांचा, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, नए रोजगार के अवसर और बहुत कुछ प्रदान करना है।

दिल्ली के लिए सरकार का विजन न केवल इसे भारत का शीर्ष शहर बनाना है, बल्कि इसे एक वैश्विक शहर में बदलना भी है, जहां हर नागरिक को समान अवसर और सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे तक पहुंच मिले। सांसदों की सक्रिय भागीदारी तथा राज्य एवं केंद्र सरकारों के बीच सहयोग से यह लक्ष्य तेजी से हासिल किया जाएगा। चर्चा के मुख्य विषयों में दिल्ली की सड़कों, फ्लाईओवर और मेट्रो विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करना; यमुना सफाई अभियान के तहत जल प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त प्रयास हरित क्षेत्रों का विस्तार और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना; नए स्कूलों और डिजिटल लर्निंग सेंटरों की स्थापना; सरकारी अस्पतालों का आधुनिकीकरण और व्यापक कार्य योजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार शामिल थे।

## लैंड फॉर जॉब मामला : ईडी ने राबड़ी-तेज प्रताप को आज पूछताछ के लिए बुलाया, लालू को भी भेजा समन



नई दिल्ली (आरएनएस)। नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू यादव को ED ने तलब किया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। लालू के साथ ही राबड़ी यादव और तेज प्रताप यादव को भी जांच एजेंसी तलब किया है। ईडी ने उन्हें पटना जोनल ऑफिस में पेश होने के लिए कहा है। तेज प्रताप और राबड़ी देवी को आज बुलाया गया है, जबकि लालू यादव को कल यानी बुधवार के लिए बुलाया गया है।बता दें लैंड फॉर जॉब स्कैम केस साल 2004 से 2009 के बीच ग्रुप-डी पदों पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान उम्मीदवारों से अपने परिवार के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवाई गई थी और इसके बदले में उन्हें रेलवे में नौकरियां दी गईं। सीबीआई ने 18 मई 2022 को लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और कुछ निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में अब तक 30 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति मिल चुकी है। आरोप है कि 2004 से 2009 तक भारतीय रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीनें तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और उनसे संबंधित कंपनी एके इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दी थी।



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश 18 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में संसद भवन में यूरोपीय संसद की सदस्य सुश्री एंजेलिका नीब्लर के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करते हुए।

## नगरीय निकायों के अध्यक्ष 25 मार्च को लेंगे शपथ, पंचकूला में होगा समारोह

पंचकूला(आरएनएस)। हरियाणा नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के साथ ही अब जश्न का माहौल है। सोमवार को पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय पंचकमल में एक अनूठा स्वागत एवं अभिनंदन समारोह हुआ। इस सम्मेलन में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों, निर्वाचित महापौरों एवं अध्यक्षों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। खास बात यह है कि 25 मार्च को पंचकूला में भाजपा के प्रत्येक विजयी पार्षद, महापौर एवं अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह होना है। आइए इस रिपोर्ट के माध्यम से जानें कि इस समारोह को क्या खास बनाता है।

## बेखौफ लुटेरे : गन पॉइंट पर व्यापारी से 80 लाख रुपये लूटे, वारदात सीसीटीवी में कैद

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के लाहौरी गेट थाना इलाके में एक अंगड़िया व्यापारी से लगभग 80 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। बदमाश ने पहले फायरिंग की और फिर रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना हवेली हैदर कुली चांदनी चौक की है। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। गन पॉइंट पर हुई लूट का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि व्यापारी हवेली हैदर कुली चांदनी चौक में बैग लेकर जा रहा है। आसपास की दुकानों पर लोग भी हैं। इसी बीच उसके पीछे एक बदमाश आता है और अचानक उससे पिस्टल सटा देता है। इसके बाद बदमाश व्यापारी से बैग छीन लेता है। हालांकि, इस दौरान व्यापारी उससे बैग नहीं छीनने का अनुरोध भी करता है, लेकिन वह बैग लेकर फरार हो जाता है। इलाके में मौजूद दीपक ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि इलाके में सोमवार शाम छह से सात बजे के बीच अचानक भगदड़ हुई। पता चला कि एक व्यापारी के साथ लूट हो रही है। तीन से चार लोगों ने मास्क लगा रखा था और कुछ ने मास्क नहीं लगाया था। इस मार्केट में महिलाएं भी रहती हैं और शॉपिंग करती हैं।

# एटीएस और डीआरआई को बड़ी कामयाबी, अहमदाबाद में 90 किलो सोना किया जब्त

अहमदाबाद (आरएनएस)। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अवैध सोने की तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। गुजरात एटीएस और डीआरआई ने अहमदाबाद के पालडी इलाके में एक दलाल के घर से छापेमारी कर लगभग 90 से 100 किलोग्राम सोना जब्त किया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जब्त किए गए सोने की अनुमानित कीमत करीब 83 करोड़ रुपए है। खुफिया जानकारी मिलने के बाद एटीएस अधिकारी पीआई निखिल और पीआई चावड़ा के नेतृत्व में पालडी में स्थित एक घर पर छापा मारा गया। इस छापेमारी के दौरान अधिकारियों को बिस्कुट के रूप में रखा सोना और अन्य आभूषण मिले हैं। घर से बरामद किए गए सोने के वजन का अंतिम आकलन



अभी भी जारी है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार यह करीब 95.5 किलोग्राम (अनुमानित) है। इसके अलावा, 60-70 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की गई। अधिकारियों को अभी भी सोने के सटीक स्रोत का पता लगाना बाकी है और आगे की जांच चल रही है। एटीएस और डीआरआई सोने की तस्करी नेटवर्क और वित्तीय अनियमितताओं के संभावित लिंक की भी जांच कर रहे हैं। हालांकि, जांच आगे बढ़ने और अधिक विवरण सामने आने की उम्मीद है। गुजरात में हाल के वर्षों में सोने की तस्करी के कई महत्वपूर्ण मामले सामने आए हैं। जुलाई 2023 में राजस्व खुफिया निदेशालय ने सूरत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग 25 करोड़ रुपए मूल्य के 48.2 किलोग्राम गोल्ड पेस्ट को जब्त किया था। इस कार्रवाई के दौरान शारजाह से आने वाले तीन यात्रियों और एक हवाई अड्डे के अधिकारी को गिरफ्तार किया गया था। सोने को पांच ब्लैक बेल्ट के भीतर 20 पैकेट में छिपाया गया था, जिसमें स्क्रीनिंग से बचने के लिए इमिग्रेशन चेकपॉइंट से पहले शौचालय में सोने का आदान-प्रदान करने की योजना थी। इसके अलावा, जुलाई 2023 के एक अन्य मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने दुबई से सोने की तस्करी में शामिल एक जौहरी और एक जोड़े को गिरफ्तार किया था।

## विकसित महाराष्ट्र का लक्ष्य हासिल करने के लिए बुनियादी ढांचे और कृषि को प्राथमिकता : अजित पवार

मुम्बई (ए.)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि महायुति सरकार ने विकसित महाराष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कृषि, उद्योग, रोजगार सृजन और कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। राज्य के बजट 2025-26 पर विधानसभा में चर्चा का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि बड़े सपने देखने और बड़े विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। अजित पवार के पास राज्य के वित्त विभाग की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार में ताकत और राजनीतिक इच्छाशक्ति है। उन्होंने कहा कि यदि सड़क अवसंरचना और नेटवर्क का विस्तार किया जाए, तो उद्योगों की



उत्पादकता बढ़ेगी, किसानों को परिवहन पर कम खर्च उठाना पड़ेगा, ईंधन की बचत होगी और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। पवार ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी राज्य में कृषि को नया जीवन देगी और किसानों को समृद्ध बनाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना जारी रहेगी और अयोग्य लाभार्थियों को हस्तांतरित धन वापस नहीं लिया जाएगा। पवार ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई महिलाओं ने छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए 1,500 रुपये का इस्तेमाल शुरुआती पूंजी के तौर पर किया है, और कई महिलाओं ने यह अपील किये जाने के बाद उज्ज्वला गैस योजना का लाभ छोड़ दिया है कि यह योजना समाज के गरीब वर्गों के लिए है।

## बंबई हाईकोर्ट ने रिश्वतखोरी के आरोपी न्यायाधीश को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार

मुंबई,(ए)। बंबई हाईकोर्ट ने रिश्वतखोरी के मामले में आरोपी सत्र अदालत के न्यायाधीश को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। महाराष्ट्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने धोखाधड़ी मामले में जमानत देने के लिए कथित तौर पर पांच लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में सतारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनंजय निकम के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

न्यायिक अधिकारी से संबंधित मामला होने के कारण न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की पीठ ने मामले की सुनवाई कक्ष में की लेकिन उन्होंने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि वह कोई राहत देने के इच्छुक नहीं हैं। निकम ने जनवरी में अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख किया था और दावा किया था कि वह



निर्दोष हैं उन्हें फंसाया गया है।वकील वीरेश पुरवंत के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया कि प्राथमिकी में निकम द्वारा पैसे की कोई सीधी मांग या स्वीकार करने के तथ्य नहीं दिखाए गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि उन्हें न तो शिकायतकर्ता और अन्य आरोपियों के बीच मुलाकातों के बारे में पता था और न ही शिकायतकर्ता का जमानत मांगने वाले आरोपी से कोई संबंध था। एक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक उसके पिता, जो 'सिविल डिफेंस' कर्मचारी हैं, सरकारी नौकरी देने के बहाने किसी को धोखा देने के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। निचली अदालत ने जमानत देने से इनकार करने के बाद महिला ने सतारा सत्र अदालत में जमानत याचिका दायर की, जिस पर निकम को सुनवाई करनी थी।

एसीबी ने आरोप लगाया कि दो लोगों मुंबई के किशोर संभाजी खरात और सतारा के आनंद मोहन खरात ने निकम के कहने पर महिला से अनुकूल आदेश के लिए पांच लाख रुपए की मांग की थी।एसीबी ने दावा किया कि तीन से 9 दिसंबर, 2024 के बीच की गई जांच के दौरान रिश्वत की मांग की पुष्टि हुई कि निकम ने किशोर खरात और आनंद खरात के साथ साठगांठ करके रिश्वत मांगी थी।

## पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रायपुर-रसूलपुर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड हमला करने वाले का एनकाउंटर

जालंधर, (आरएनएस)। जालंधर के रायपुर-रसूलपुर में यूट्यूबर रोज़र संधू के घर पर ग्रेनेड हमले के आरोपियों में से एक यमुना नगर के शादीपुर गांव का रहने वाला हार्दिक पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, हार्दिक की टांग में गोली लगी है। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद आरोपी से वेपन रिकवरी हेतु राजपुर-रसूलपुर के बल्लां क्षेत्र में संपर्क किया। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया, तो उसने उन पर फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया।पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपित गैंगस्टर लॉरेंस की गैंग से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में पुलिस हथियारों और अन्य ग्रेनेड की बरामदगी के लिए जांच में जुटी हुई है।



एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय के महासचिव जोनाथन वसेविओव 18 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात करते हुए।

# चाचा को याद कर दुखी हुई काजोल



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और निर्देशक अयान मुखर्जी के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हाल ही में काजोल के चाचा और अयान के पिता, मशहूर अभिनेता देब मुखर्जी का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।

देब मुखर्जी उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे और 14 मार्च, 2025 को उन्होंने अंतिम सांस ली। अपने करियर में उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई यादगार फिल्में दीं और इंडस्ट्री में एक सशक्त नाम बनाया। उनके निधन के बाद से काजोल अपने चाचा की यादों में खोई हुई हैं। काजोल ने सोशल मीडिया पर अपने चाचा के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए भावुक पोस्ट लिखा। इस फोटो में उन्हें एक दुर्गा पूजा पंडाल में देब मुखर्जी के साथ देखा जा सकता है। उन्होंने लिखा, परंपरा कहती है कि हर दुर्गा पूजा पर हम साथ में तस्वीरें खिंचवाते थे। जब हम सभी सज-धज कर तैयार होते थे और अच्छे दिखते थे। मैं अभी भी उनके बिना दुनिया को समझने और खुद को ढालने की कोशिश कर रही हूं। वह अब तक के सबसे बेहतरीन लोगों में से एक थे। शांति से आराम करें। मैं आपको प्यार करती रहूंगी और हमेशा याद करूंगी। हर दिन आपकी कमी खलेगी।

काजोल के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्रिटीज की भावनात्मक प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। लोग उन्हें हिम्मत बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। बता दें कि देब मुखर्जी अयान मुखर्जी के पिता और निर्देशक आशुतोष गोवारिकर के ससुर थे।

# खेसारी लाल, पवन सिंह नहीं, सनी लियोनी ने थामा इस भोजपुरी सिंगर का हाथ, हिट हुई जोड़ी



सनी लियोनी की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। बॉलीवुड के कई स्टार्स के साथ वह काम कर चुकी हैं। मगर, इस बार उन्होंने बॉलीवुड एक्टर का हाथ थामा है। और वह एक्टर पवन सिंह या खेसारी लाल यादव नहीं हैं। वह एक्टर है नीलकमल सिंह। जी हां, सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना 'लड़की दीवानी' आज मंगलवार को रिलीज हुआ है।

**यूट्यूब पर ट्रेंड हुआ गाना**

सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। और यह जबर्दस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। इसे कुछ ही घंटों में करीब पांच लाख व्यूज मिल गए हैं। इस गाने को नीलकमल सिंह ने गाया है। इसके लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं।

**नीलकमल ने सनी को सिखाई भोजपुरी**

गाने में सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। नीलकमल सिंह ने आज इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए गाने के रिलीज की जानकारी शेयर की है। साथ में लिखा है, 'इस खबर को लेकर शांत नहीं रहा जा सकता। 'लड़की दीवानी' गाना रिलीज हो गया है। जाइए और देखिए। यह भी जरूर बताइए कि गाना आपको कैसा लगा है'? नीलकमल सिंह ने एक वीडियो भी शेयर किया है, इसमें वे सनी को भोजपुरी बोलना सिखाते दिख रहे हैं।

**यूजर्स से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया**

इस गाने पर यूजर्स की अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'भोजपुरी एक्टर के साथ सनी लियोनी। गाना तो गजब बनेगा ही'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इससे पहले शायद ही कभी किसी ने सनी लियोनी को इतने खूबसूरत अंदाज में और पारंपरिक ड्रेस में दिखाया होगा'। एक यूजर ने लिखा, 'जोड़ी बहुत जम रही है'।


# अपूर्वा मखीजा की ओटीटी डेब्यू फिल्म 'नादानिया' रिलीज़



मुंबई (ए.)। हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा की ओटीटी डेब्यू फिल्म 'नादानियां' रिलीज़ हुई, लेकिन उन्होंने इसके प्रमोशन से दूरी बनाए रखी। इसी बीच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सूफी मोतीवाला, जो अक्सर सेलेब्रिटीज की आलोचना के लिए जाने जाते हैं, ने अपूर्वा की इस फिल्म पर एक पोस्ट किया।

सूफी ने अपूर्वा की एक्टिंग और उनके फैशन सेंस की तारीफ की। इस पोस्ट पर अपूर्वा ने एक दिलचस्प कमेंट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, इतनी नफरत मिली कि अब सूफी मोतीवाला भी मेरे बारे में नफरत भरी बातें नहीं कहता। अपूर्वा का यह कमेंट कुछ ही समय में वायरल हो गया और सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बन गया। कुछ यूजर्स ने इस पर मज़ाकिया प्रतिक्रिया दी, तो कुछ ने इसे इंडस्ट्री में चल रहे ट्रोलिंग और नफरत भरे माहौल पर एक व्यंग्य बताया। वहीं, कुछ फैंस ने अपूर्वा का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। विवाद के चलते अपूर्वा पहले ही सोशल मीडिया से दूरी बना चुकी थीं, लेकिन इस बयान के बाद उनकी सक्रियता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस विवाद का उनकी करियर ग्रोथ पर असर पड़ सकता है। हालांकि, उनके फैंस और कुछ बॉलीवुड हस्तियों ने उनका समर्थन किया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद और सोशल मीडिया पर जारी प्रतिक्रियाएं अपूर्वा के करियर को किस दिशा में ले जाती हैं।

# 'ममता कुलकर्णी इस्माल कुबूल कर लेतीं तो विरोधी कुछ कर पाते?', बोलीं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी



प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया। इसका काफी विरोध हुआ। इस पूरे मामले पर किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने हाल ही में चुप्पी तोड़ी है।

प्रयागराज में चले महाकुंभ में पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया। उन्होंने पहले अपना पिंडदान किया। फिर विधि-विधान से पट्टाभिषेक प्रक्रिया पूरी हुई तब उन्हें पद पर नियुक्त किया गया। इस पर जमकर विवाद हुआ। मामला इतना बढ़ा कि ममता ने इस्तीफा तक दे दिया। हालांकि, उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया। पूर्व अभिनेत्री को महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर हुए विरोध पर हाल ही में किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया दी है।

**बोलीं- बेवजह दिया गया तूल**

ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया। उनका नाम भी बदला गया, अब वे यमाई ममता नंद गिरी हैं। हालांकि, उन्हें यह पद दिए जाने का काफी विरोध हुआ और सवाल उठाए गए। अब महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने अभिनेत्री की आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लिया है। हाल ही में शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट पर उन्होंने कहा कि इस मामले को बेवजह तूल दिया गया।

**ममता ने रखी थी यह इच्छा**

लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा, 'जब उन्होंने खुद को 23 साल तक मेनस्ट्रीम सोसाइटी से दूर रखा था, तब वह ढाई से तीन साल तक मेरे संपर्क में थीं। वह मुझे अपनी परंपराओं के बारे में सब कुछ बता रही थीं। उन्हें जूना अखाड़े के स्वामी ने दीक्षा भी दी थी। जब वह कुंभ में आईं तो हमने बात की। अगले दिन शुक्रवार था। उन्होंने कहा, 'इससे अच्छा क्या होगा के एक अर्धनारीश्वर मेरा पट्टाभिषेक करें और मुझे महामंडलेश्वर बनाएं। और मैं सनातन धर्म में अपने जीवन को पूर्ण रूप से समर्पित करना चाहती हूं। उनका विचार अच्छा था'।

**'इस्लाम कुबूल कर लेतीं तो विरोधी कुछ कर पाते?'**

उन्होंने ममता पर चल रहे मामलों और अबू सलेम के साथ कथित तौर पर जुड़े उनके नाम पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'हम सब कुछ जानते थे, लेकिन उनके सभी मामले अब खत्म हो गए। तो हमें उनका तिरस्कार क्यों करना चाहिए, जो सनातन धर्म की शरण में आया है? यही ममता जी इस्लाम कुबूल करतीं या हज मदीना कर आतीं तो क्या ये सनातनी जो बोल रहे हैं, वो कुछ कर पाते। धर्म में आना चाहो और विवाद हो जाए तो वो गलत बात है ना'?

## फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के दूसरे भाग की तैयारी

मुंबई (ए.)। बालीवुड की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के दूसरे भाग की तैयारी तेज हो गई है और अमिताभ बच्चन का किरदार इस बार और अधिक दमदार होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'कल्कि 2898 एडी' के पार्ट 2 की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है, और इसकी शूटिंग जून 2025 से शुरू होने की संभावना है।

फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन इस बार कहानी को और भी रोमांचक बनाने की योजना बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म के दूसरे भाग में अमिताभ बच्चन के किरदार अश्वत्थामा और प्रभास के किरदार भैरव/कर्ण की कहानी को विस्तार दिया जाएगा। दोनों दीपिका पादुकोण के किरदार के अजन्मे बच्चे की रक्षा के लिए जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन इस बार हथियारों के साथ हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन करते दिखेंगे। उनके किरदार को और मजबूत बनाने के लिए खास ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग के लिए हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक भव्य सेट तैयार किया जा रहा है, जहां ज्यादातर अहम सीन फिल्माए जाएंगे।

# कीर्ति कुल्हारी के पिंक में नजरअंदाज किए जाने वाले बयान पर तापसी ने दी प्रतिक्रिया, कही ये बात



कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक' की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**मुझे कैसे पता चलेगा**

ई-टाइम्स के साथ बातचीत के दौरान तापसी ने इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मुझे कैसे पता चलेगा? उसे जो महसूस होता है, उसे महसूस करने का पूरा अधिकार है। मैं आखिरी व्यक्ति होऊंगी जो किसी को बताए कि आप जो महसूस कर रहे हैं वह गलत है। अगर किसी ने कुछ महसूस किया है, तो मुझे यकीन है कि इसके पीछे कोई कारण होगा।

**मुझे पता होता तो उससे बात करती**

तापसी ने इस पूरे मामले पर आगे कहा, "उसने अपनी आवाज उठाई, जो उसकी मर्जी है। अगर मुझे पता होता कि कीर्ति उस वक्त किसी भी तरह से नजरअंदाज किए जाने जैसा महसूस कर रही है, तो मैं उस समय उससे बात करना पसंद करती है और पूछती कि क्या मैं इसे बेहतर बनाने के लिए कुछ कर सकती हूं। अफसोस, मुझे नहीं पता चला, उसे उस वक्त कोई समस्या है। इसलिए मुझे नहीं पता अब क्या करना चाहिए। मैं उनकी भावनाओं को खारिज नहीं कर सकती।" तापसी ने ये भी बताया कि वो और कीर्ति दोस्त नहीं हैं, लेकिन प्रोफेशनल स्तर पर दोनों के अच्छे संबंध हैं।

**मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला**

कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, "उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।"

# शुभांगी अत्रे ने कहा, फिल्म की शूटिंग और टीवी शो की शूटिंग में अंतर होता है



दर्शकों के पसंदीदा शो भाभीजी घर पर हैं पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म में शो के मूल कलाकार ही मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

शो में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली शुभांगी अत्रे इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

शुभांगी ने कहा, मैं एक एक्टर और एक कलाकार हूं, और कोई फर्क नहीं पड़ता कि माध्यम क्या है, चाहे वह टीवी, फिल्में, ओटीटी या थिएटर हो, मैं पूरी लगन और अनुशासन के साथ अपना 100 प्रतिशत देने में विश्वास करती हूं। बेशक, भाभीजी घर पर हैं पर अब एक फिल्म बनाई जा रही है, इसलिए काम काफी हद तक वैसा ही है जैसा हम टेलीविजन पर करते हैं। लेकिन फिर भी, एक अलग तरह की घबराहट और उत्साह होता है।

उन्होंने कबूल किया कि किसी फिल्म की शूटिंग करना टीवी शो की शूटिंग से बिल्कुल अलग होता है।

शुभांगी ने कहा, भले ही मैं वर्षों से अंगूरी का किरदार निभा रही हूं, लेकिन फिल्म के लिए परफॉर्म करना अलग लगता है। हालांकि, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दे रही हूं और अपनी पूरी कोशिश कर रही हूं, जैसा कि मैं हमेशा करती हूं। मैं वाकई बहुत खुश हूं, लेकिन साथ ही, मैं थोड़ी नर्वस भी महसूस कर रही हूं। मैं बस अपने प्रशंसकों से ढेर सारा प्यार, आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहती हूं। उन्होंने कहा, सबसे पहले, हमारी फिल्म में कुछ नए कलाकार शामिल हुए हैं, इसलिए उनके साथ केमिस्ट्री बनाना एक नया अनुभव है। दूसरा, टीवी पर, हम अक्सर प्रदर्शन करते समय सुधार करते हैं, लेकिन एक फिल्म में, हमें बहुत सटीक होना पड़ता है। चूंकि एक फिल्म का रनटाइम 2 से 2.5 घंटे का होता है, इसलिए हम अनावश्यक संवाद नहीं जोड़ सकते हैं, जैसा कि हम कभी-कभी टीवी सीरियल शूटिंग में करते हैं। शुभांगी फिल्म में एक्शन सीक्वेंस भी करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया, यह मेरे लिए कुछ नया है और मैं वास्तव में उत्सुक हूं कि स्क्रीन पर कैसे दिखाई देंगे।उन्होंने बताया कि यह न केवल उनके लिए बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी एक सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, मेरे पिता इस समय कैंसर से जूझ रहे हैं, लेकिन वे इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत खुश हैं। मेरे माता-पिता दोनों ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है और आज जब मैंने अपने पिता से बात की, तो उन्होंने मुझसे कहा कि एक बार फिल्म रिलीज हो जाए, तो हम सब इसे देखने के लिए एक साथ थिएटर जाएंगे। यह विचार ही मुझे भावुक कर देता है।

# अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में तमन्ना


मुंबई (ए.)। अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया चर्चा में हैं। तमन्ना ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, यह एक फैंटेसी मूवी है और इसे थिएटर में देखना एक शानदार अनुभव होगा।

यह फिल्म सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और आध्यात्मिक पहलू के साथ बनाई जा रही है, जो समाज में मौजूद ज्वलंत मुद्दों को उठाएगी। इसमें सुपरनेचुरल एलिमेंट्स के साथ-साथ आध्यात्मिक पक्ष भी है, जिसने मुझे बहुत आकर्षित किया। तमन्ना ने बताया कि उन्हें हमेशा से ऐसी फिल्में पसंद रही हैं, जो लार्जर दैन लाइफ होती हैं और दर्शकों को एक अलग दुनिया में ले जाती हैं। उन्होंने कहा, बचपन में मुझे ऐसी फिल्में देखना बहुत पसंद था, जो काल्पनिक दुनिया में ले जाती थीं। जब मुझे पता चला कि इस फिल्म का टीजर काशी में लॉन्च किया गया, तो यह मेरे लिए और भी खास बन गया। तमन्ना भाटिया ने यह भी खुलासा किया कि 'ओडेला 2' सिर्फ एक फैंटेसी फिल्म नहीं है, बल्कि इसमें समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, यह फिल्म उन समस्याओं और मुद्दों पर केंद्रित है, जिनका सामना हम आज कर रहे हैं। यह अंत में एक बहुत बड़ा और सशक्त संदेश देती है।




अभिनेत्री ने बताया कि वह ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती हैं, जो लोगों को आशा और प्रेरणा दें। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि फिल्मों को ऐसा ही होना चाहिए। उन्हें दर्शकों को उम्मीद देनी चाहिए, क्योंकि यही कारण था कि मैंने एक्ट्रेस बनने का फैसला किया। यह फिल्म भी दर्शकों को आशावादी महसूस कराएगी। 'ओडेला 2' को अशोक तेजा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, वशिष्ठ एन. सिम्हा, नागा महेश, वामसी, गगन विहारी, सुरेंदर रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# हर पल लगता है... पल ये आखिरी है : धर्मेंद्र



मुंबई (ए.)। इंस्टाग्राम पर हाल ही में 89 वर्षीय अभिनेता धर्मेंद्र ने अपनी एक तस्वीर शेयर की और दिल की बात शायराना अंदाज में कह डाली, जिसे देखकर उनके प्रशंसक भावुक हो उठे। अपने पोस्ट में धर्मेंद्र ने लिखा, हर पल लगता हैज्ज पल ये आखिरी है। जी भर कर लूं बातें मैं आपसे, ऐसा सभी को लगता है।

हमेशा साहसी और पॉजिटिव बने रहो दोस्तों। अभिनेता की इस पोस्ट पर उनके बेटे और अभिनेता सनी देओल ने दिल वाले इमोजी के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। वहीं, प्रशंसकों ने भावुक होकर कमेंट्स की झड़ी लगा दी। एक यूजर ने लिखा, सर, ऐसा मत कहिए! आप हमारे लिए प्रेरणा हैं। दूसरे ने भावुक अंदाज में कहा, धरम जी, सपने में भी कभी ऐसा ख्याल न लाइए। आप हमें जीने का हौसला देते हैं। धर्मेंद्र की इस पोस्ट ने उनके प्रशंसकों को चिंतित कर दिया, लेकिन साथ ही उनके प्रति लोगों का प्यार भी साफ झलकता है।

इससे पहले, होली के मौके पर धर्मेंद्र ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें कुछ छोटे बच्चे उनके गाने तू जो कहेगा मैं वो सब करूंगा... पर झूमते नजर आए। धर्मेंद्र ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, देखिए कैसे ये बच्चे मेरे पुराने गाने का लुत्फ उठा रहे हैं। गौरतलब है कि यह गाना फिल्म मां का है, जिसे महान गायक मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी थी। बता दें कि हिंदी सिनेमा के ही-मैन धर्मेंद्र न सिर्फ अपनी बेहतरीन अदायगी बल्कि सोशल मीडिया पर दिल छू लेने वाले पोस्ट के लिए भी जाने जाते हैं।

## आकाश चोपड़ा ने राजस्थान रॉयल्स की टीम के संतुलन पर उठाए सवाल

नई दिल्ली (ए)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स की टीम की संरचना पर चिंता जताई है, उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या मेगा नीलामी के बाद टीम कमजोर हो गई है।

अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में, चोपड़ा ने बताया कि जोस बटलर, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों से अलग होने के आरआर के फैसले ने उन्हें स्पष्ट रूप से खाली कर दिया है, जिसे पर्याप्त रूप से नहीं भरा गया है।

चोपड़ा ने कहा, उन्होंने अपने चार सबसे बड़े खिलाड़ियों को खो दिया, लेकिन प्रतिस्थापन उनके करीब भी नहीं हैं। शिमरॉन हेटमायर को छोड़कर यह पूरी तरह से भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप है। आपने कोई विदेशी बल्लेबाज नहीं चुना, जो काफी आश्चर्यजनक है। राजस्थान रॉयल्स ने नीलामी में जाने से पहले सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और शिमरॉन हेटमायर को रिटेन किया था। हालांकि, काफी बड़ी रकम होने के बावजूद, उन्होंने कोई हाई-प्रोफाइल विदेशी बल्लेबाज नहीं चुना।

इसके बजाय, उन्होंने अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें जोफ्रा आर्चर (12.50 करोड़ रुपये), वानिंदु हसरंगा (5.25 करोड़ रुपये), महेश दीक्षाना (4.40 करोड़ रुपये), फजलहक फारूकी (2 करोड़ रुपये) और युवा दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज क्वेना मफाका (1.50 करोड़ रुपये) को शामिल किया।

हालांकि, चोपड़ा ने बताया कि आरआर में अभी भी एक उच्च गुणवत्ता वाले ऑलराउंडर की कमी है, जो पिछले सीजन में भी उन्हें परेशान कर रहा था। उन्होंने कहा, अधिकांश टीमों के पास एक मजबूत ऑलराउंडर होता है जो टीम संयोजन में लचीलापन देता है। राजस्थान के पास पिछले साल ऐसा नहीं था, और ऐसा लगता है कि वे फिर से उसी स्थिति में हैं। हसरंगा वास्तव में आईपीएल स्तर पर एक ऑलराउंडर नहीं है। उन्होंने कई बार गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन एक बल्लेबाज के रूप में, उन्होंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।चोपड़ा का मानना है कि आरआर पेस डिपार्टमेंट में जोफ्रा आर्चर पर बहुत अधिक निर्भर है, लेकिन पेसर की चोटों का लंबा इतिहास उन्हें मुश्किल में डाल सकता है। उन्होंने कहा, आर्चर का हालिया फॉर्म और चोटें उन्हें जोखिम भरा दांव बनाती हैं। अगर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो राजस्थान बड़ी मुश्किल में पड़ सकता है।राजस्थान रॉयल्स 23 मार्च को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच ) के खिलाफ मैच के साथ अपने आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत करेगी।

## उंगली की सर्जरी के बाद संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़े

नई दिल्ली (ए)। पिछले महीने उंगली की सर्जरी करवाने के बाद संजू सैमसन सोमवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की टीम से जुड़ गए हैं।ईएसपीएनक्रिकइंफो से मिली जानकारी के अनुसार सैमसन बेंगलुरु में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे थे और यह पुष्टि नहीं हो सकी है कि वह अभी विकेटकीपिंग करेंगे या नहीं। अगर सैमसन फिट नहीं होते हैं, तो ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का विकल्प हो सकते हैं।

फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में भी जुरेल ने सैमसन की गैरमौजूदगी में विकेटकीपिंग की थी। उस मैच में बल्लेबाजी के दौरान जोफ्रा आर्चर की गेंद उनकी उंगली पर लगी थी। कंधे की चोट से पूरी तरह उबर चुके रियान पराग भी आरआर के लिए खेलने को तैयार हैं। इस चोट के कारण वह दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 से बाहर हो गए थे, लेकिन रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में उन्होंने वापसी की थी। सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक लगाया था और 26 ओवर की गेंदबाजी भी की थी।

# टीम का माहौल ऐसा हो, सभी अपनी बात रख सकें : ऋषभ

नई दिल्ली (ए)। आईपीएल 2025 में इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की कप्तानी करने जा रहे ऋषभ पंत ने कहा कि वह टीम में ऐसा माहौल बनाएंगे जिससे सभी खिलाड़ी अपनी बात रख सकें। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ ने कहा कि किसी को भी ऐसा नहीं लगना चाहिये कि वह अपनी राय को व्यक्त नहीं कर सकता। उनका प्रयास एक खुला माहौल बनाना है। नये कप्तान ने कहा हम ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें। यह एक बहुत ही सरल विचार है। इसे कहना आसान है पर अमल में लाना नहीं, क्योंकि इसके लिए हर व्यक्ति को बहुत प्रयास करना पड़ता है।

इस आक्रामक बल्लेबाज ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह काम केवल प्रबंधन ही नहीं कर सकता है। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों की वजह से ही हम ऐसा माहौल बना पाते हैं क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने हमेशा यही महसूस किया है कि अगर आप अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और उन्हें पर्याप्त भरोसा देते हैं, तो वे आपको किसी भी स्तर पर आगे बढ़ा सकते हैं। मुझे लगता है कि



हमारे इस समूह और प्रबंधन के पास अच्छा खास अनुभव है।

एलएसजी दो बार एलिमिनेटर में बाहर होने से पहले आईपीएल 2022 और 2023 सत्र के प्लेऑफ में पहुंची थी। आईपीएल 2024 में, एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। उन्होंने निकोलस पूरन, एडेन मार्करम और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से टीम के नए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करने को भी कहा है।कप्तान ने कहाकेवल अपने अनुभव को युवा खिलाड़ियों के साथ साझा करते रहें और उस अनुभव को इस समूह को हासिल करने दें। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो हम सभी सीनियर खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीख सकते हैं, और बस एक दिन में एक बार इसे आगे बढ़ाएं, बस अपना 100 फीसद दें, टीम के हित को ध्यान में रखते हुए काम करे। उसमें ये सोचने की जरुरत नहीं कि हमारी टीम आपका समर्थन करेगी या नहीं। साथ ही कहा, मुझे लगता है कि हम प्रत्येक व्यक्ति पर भरोसा करते हैं कि वे सर्वश्रेष्ठ लोग हैं। इसलिए हम सभी यहां एक साथ हैं। हमें एक दूसरे का साथ देना चाहिये जिससे जब हम यहां से वापस जाएं, तो मुझे लगता है कि हमें एक बेहतर खिलाड़ी ओर इंसान के रुप में याद किया जाये।दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ को मेगा नीलामी में एलएसजी आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ रकम देकर 27 करोड़ में खरीदा था। अब टीम आईपीएल 2025 सीजन का अपना पहला मैच 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेगी।

## फैंस के लिए अच्छी खबर, अब यहां FREE में देख सकेंगे IPL




मुंबई (आरएनएस)। क्रिकेट प्रेमियों के लिए खुशखबरी, जियो के मौजूदा और नए ग्राहक 299 रुपये या इससे अधिक के प्लान के जरिए जियोहॉटस्टार पर मुफ्त इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों का आनंद उठा सकेंगे। इस अनलिमिटेड क्रिकेट ऑफर में ग्राहकों को टीवी/मोबाइल पर 90-दिन का मुफ्त जियोहॉटस्टार सब्स्क्रिप्शन मिलेगा और वो भी 4के क्वालिटी में। यानी ग्राहक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल क्रिकेट सीजन का मुफ्त में आनंद उठा सकेंगे। जियो हॉटस्टार पैक 22 मार्च 2025 यानी आईपीएल क्रिकेट सीज़न के शुरुआती मैच के दिन से 90 दिनों की अवधि के लिए वैद्य होगा।इसके साथ ही जियोफाइबर या जियोएयरफाइबर का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन भी मिलेगा। अल्ट्रा-फ़ास्ट इंटरनेट का मुफ्त ट्रायल कनेक्शन 50 दिनों तक फ्री रहेगा। ग्राहक 4के में क्रिकेट देखने के बेहतरीन अनुभव के साथ शानदार होम एंटरटेनमेंट का लाभ भी उठा सकेंगे। इस मुफ्त ट्रायल कनेक्शन के साथ 800 से अधिक टीवी चैनल, 11 से अधिक ओटीटी ऐप, अनलिमिटेड वाईफाई भी मिलेगा।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई

डुनेडिन (आरएनएस)। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में अपना दबदबा कायम रखते हुए यूनिवर्सिटी ओवल में खेले गए दूसरे मैच में 5 विकेट से आसान जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।

बारिश के कारण 15 ओवर के मैच में बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने के बाद पाकिस्तान ने कप्तान सलमान अली आगा की 28 गेंदों पर 46 रन की पारी की बदौलत 135/9 रन बनाए, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। शादाब खान (26) और शाहीन शाह अफरीदी (नाबाद 22) दौरे पर आई टीम के लिए अन्य महत्वपूर्ण रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। मेजबान टीम के लिए बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, जैकब डफी और जेम्स नीशम ने दो-दो विकेट लिए।

जवाब में, सलामी जोड़ी टिम सीफर्ट (45) और फिन एलन (38) ने पहले विकेट के लिए 66 रनों की तेज साझेदारी की, जिससे न्यूजीलैंड ने 13.1 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए हारिस राउफ ने तीन ओवर में 20 रन देकर दो विकेट लिए।

कार्यवाहक कप्तान माइकल ब्रेसवेल द्वारा पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद, डफी ने पहले ओवर में ही ओपनर हसन नवाज को आउट कर दिया। बेन सियर्स ने



जल्द ही एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की, उन्होंने आक्रामक मोहम्मद हारिस को 11 रन पर आउट कर दिया।

जब कप्तान आगा ने पलटवार करने का प्रयास किया, तो पारी को फिर से बनाने के लिए कुछ शानदार स्ट्रोक खेले, लेकिन सोढ़ी ने पाकिस्तान की प्रगति को बाधित कर दिया क्योंकि स्पिनर ने पहले इरफान खान को आउट किया और फिर दो गेंद बाद खुशदिल शाह को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया।

आगा की 28 गेंदों में 46 रनों की पारी ने पाकिस्तान को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन दसवें ओवर में सियर्स द्वारा उनके आउट होने से मेहमान टीम संघर्ष करने लगी। शादाब (14 गेंदों पर 26 रन) और अफरीदी (14 गेंदों पर 22 रन) की शानदार पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने 135/9 का स्कोर बनाया।136 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों ने बिना समय गंवाए एलन के दूसरे ओवर में मोहम्मद अली की गेंद पर तीन बड़े छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। तीसरे ओवर में सीफर्ट ने भी आक्रमण किया और एक्स्ट्रा कवर और डीप स्क्वायर लेग के बीच चार छक्के लगाकर अफरीदी को ध्वस्त कर दिया। तीसरे ओवर के अंत तक न्यूजीलैंड ने सात छक्के जड़ दिए थे।सीफर्ट ने 22 गेंदों पर 45 रनों की पारी खेली, लेकिन पांचवें ओवर में वह मोहम्मद अली की धीमी गेंद को मिड-ऑन पर खेल गए। एलन ने सातवें ओवर में जहानदाद खान की गेंद पर लगातार दो छक्के जड़कर अपनी आक्रामकता जारी रखी और अगली गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। 16 गेंदों पर 38 रन बनाकर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ब्लैक कैप्स सात ओवर में 88/2 के स्कोर पर मजबूती से नियंत्रण में थे और उन्हें इतनी ही गेंदों पर सिर्फ 48 रन की जरूरत थी।

## चलते मैच में क्रिकेटर की हुई मौत, शोक में डूबे फैंस

नई दिल्ली (ए)। क्रिकेट जगत से बुरी खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि चलते मैच में एक क्रिकेटर की मौत हो गई। क्रिकेटर का नाम जुनैद जफर खान है और वे पाकिस्तान मूल के थे। जुनैद क्लब स्तर के क्रिकेटर थे। मैच के दौरान उनकी टीम ने 40 ओवर तक फील्डिंग की।शाम 4 बजे जुनैद की तबीयत बिगड़ गई।उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया।मौत की वजह गर्मी और उमस को बताया जा रहा है। जुनैद ने रोजा रखा हुआथा।

यह घटना दोपहर 4 बजे कॉनकॉर्डिया कॉलेज ओवल में ओल्ड कॉनकॉर्डियंस और प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस के बीच मैच के दौरान हुई। पैरामेडिक्स द्वारा तत्काल चिकित्सा सहायता दिए जाने के बावजूद जुनैद खान को बचाया नहीं जा सका। इस घटना के बाद फैंस मायूस हैं और मांग की जा रही है कि एडिलेड में इतनी गर्मी में मैच न करवाए जाएं।

# विदेश समाचार

## पाक-अफगान सीमा विवाद : फिर से खुलेगी तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग, दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति


इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर मंगलवार को खुलने जा रहा है। विवादित सीमा के करीब अफगान बलों की ओर से किए जा रहे निमार्ण कार्य को लेकर दोनों देशों के बीच पैदा हुए तनाव के कारण लगभग यह बॉर्डर क्रॉसिंग करीब महीने तक बंद रही।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम वार्ता के दूसरे दौर की बातचीत हुई। इस दौरान 21 फरवरी को बंद किए गए तोरखम व्यापार मार्ग को सभी प्रकार की आवाजाही के लिए खोलने का फैसला लिया गया।इस पहले 4 मार्च को तोरखम सीमा पर स्थिति काफी बिगड़ गई, जब क्रॉसिंग को फिर से खोलने के लिए वार्ता नाकाम हो गई, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी हुई। हिंसक झड़प में कई सशस्त्र बल कर्मियों और नागरिकों की मौत हो गई है।अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सबसे महत्वपूर्ण क्रॉसिंग में से एक तोरखम से दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा व्यापार और आवाजाही होती है।पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि 24 दिनों तक सीमा बंद रहने के दौरान ट्रांजिट ट्रेड समेत सभी तरह के व्यापार ठप रहे।

नाम न बताने की शर्त पर एक पाकिस्तानी अधिकारी ने 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' को बताया कि बॉर्डर बंद होने के कारण राष्ट्रीय खजाने को कुल 72 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।

इस संघर्ष ने सीमा के दोनों ओर के व्यापारियों को भारी झटका दिया है, जिन्होंने लाखों डॉलर गंवाए हैं।

# कैरीबियाई तट पर विमान क्रैश, 7 की मौत, 10 को मलबे से सुरक्षित निकाला



ला सीबा,(ए)। होंडुरास के कैरीबियाई तट पर सोमवार रात एक प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 14 यात्री और 3 क्रू मेंबर सवार थे। हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है, जबकि 10 लोगों को मलबे से सुरक्षित निकाला गया है। विमान में एक अमेरिकी नागरिक, एक फ्रांसीसी नागरिक और दो नाबालिग भी मौजूद थे। हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें जीवित बचे लोगों को सुरक्षित निकाला गया।यह एयरक्राफ्ट होंडुरन एयरलाइंस लान्हसा द्वारा संचालित किया जा रहा था। विमान ने रोटान द्वीप से उड़ान भरी थी और इसे होंडुरन मेनलैंड के ला सीबा एयरपोर्ट पर लैंड करना था। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## सूडान के ओमडुरमैन शहर में आरएसएफ के हमले में सात लोगों की मौत, 43 घायल

खार्तूम (ए)। सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में ओमडुरमैन शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा की गई गोलाबारी में दो बच्चों समेत सात नागरिकों की मौत हो गई।

राज्य के मीडिया कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रविवार को आरएसएफ द्वारा की गई लगातार गोलीबारी में 43 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में 4 से 12 साल की उम्र के 18 बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में भेजा गया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ओमडुरमैन शहर में करारी इलाके के मोहल्लों को निशाना बनाकर की गई यह गोलाबारी उस समय हुई, जब स्वयंसेवकों की प्रार्थना के दौरान चौराहों पर बच्चे फुटबॉल खेल रहे थे।

ओमडुरमैन के अल-नाओ अस्पताल में एक पैरामेडिक ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि अस्पताल में लाए गए ज्यादातर घायलों के अंगों में चोटें थीं, जो उड़ते हुए प्रोजेक्टाइल्स की वजह से लगीं।

## पुतिन से बात करेंगे ट्रंप, क्या रुकने वाला है रूस-यूक्रेन युद्ध ?

वाशिंगटन ( आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। मीडिया



रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन की देर रात की फ्लाइट के दौरान एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा, हम देखना चाहते हैं कि क्या हम युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। शायद हम कर सकते हैं, शायद हम नहीं भी कर सकते, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास बहुत अच्छा मौका है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात करूंगा। वीकेंड में बहुत काम किया गया है।

इससे पहले क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि पुतिन ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के जरिए ट्रंप को उनकी युद्ध विराम योजना के बारे में एक संदेश भेजा और सतर्क आशावाद व्यक्त किया कि तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचा जा सकता है।

अमेरिका में अलग-अलग संडे शो के दौरान विटकॉफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के युद्ध विराम पर सहमत होने से पहले कई चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है, युद्ध का अंतिम शांतिपूर्ण समाधान दूर की बात है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें रूसी युद्ध को समाप्त करने का एक अच्छा मौका दिखाई दे रहा है। कीव की ओर से 30-दिवसीय अंतरिम युद्धविराम के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद उनका यह बयान आया।

हालांकि, जेलेंस्की ने लगातार कहा है कि उनके देश की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और रूस को उस क्षेत्र को सौंपना चाहिए जिसे उसने जब्त किया है।

रूस ने 2014 में क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया था और अब 2022 में देश पर आक्रमण करने के बाद से चार पूर्वी यूक्रेनी क्षेत्रों पर उसका नियंत्रण है।

# कुछ दिन की शांति के बाद फिर युद्ध, इजराइल ने गाजा में किए ताबड़तोड़ हमले; 200 से ज्यादा की मौत



तेल अवीव ( आरएनएस)। पिछले 15 महीने चली जंग में महीने भर की शांति के बाद एक बार फिर इजराइल के गाजा पर हमले फिर से शुरू हो गए हैं। सोमवार को इजराइल सेना ने अचानक गाजा में कई हवाई हमले किए। कुछ रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में विस्थापित लोगों के घरों और तंबुओं पर इजराइली हमलों में अब तक 200 नागरिक मारे गए हैं और दर्जनों घायल हैं। साथ ही एक रिपोर्टर ने बताया कि जिस केंद्रीय क्षेत्र में हम हैं, वहां के आसमान में कई ड्रोन और लड़ाकू विमानों बहुत कम ऊंचाई पर मंडराते हुए देखा गया है, जिससे फ़िलिस्तीनियों में भारी डर का माहौल बन गया है। क्योंकि वह युद्धविराम वार्ता के परिणामों को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

वहीं इजराइल सेना ने अपने बयान में कहा हम हमास के ठिकानों पर हमले कर रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री ऑफिस ने जानकारी दी कि हमास की ओर से संघर्ष विराम को बढ़ाने के अमेरिकी प्रस्ताव को अस्वीकार करने के बाद इजराइल ने गाजा में सैन्य अभियान फिर से शुरू कर दिया है।

इजराइल और हमास में मध्यस्थत फिर से शांति वार्ता करा रहे थे, क्योंकि इजराइल ने संघर्ष विराम समझौते के दूसरे चरण में प्रवेश करने से इनकार कर दिया है, जिसे पहले चरण के बाद शुरू किया जाना था, जो छह सप्ताह तक चला था। रिपोर्टर अनस अल शरीफ ने अपने एक्स पर जानकारी दी कि महज आधे घंटे में इजराइल सेना ने 35 से ज्यादा एयर स्ट्राइक की हैं। साथ ही बताया कि बचाव कर्मियों और एंबुलेंस को लोगों को बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

## स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का 'फ्रेंच कनेक्शन' : फ्रांसीसी नेता ने अमेरिका से वापस मांगी प्रतिमा, ट्रंप प्रशासन ने सुनाई खरी-खरी

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका ने फ्रांसीसी राजनीतिज्ञ राफेल ग्लक्समैन के इस सुझाव को दृढ़ता से खारिज कर दिया कि 'स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी' को फ्रांस को वापस कर देना चाहिए। ट्रंप प्रशासन को उनकी टिप्पणियों को अनुचित और राजनीति से प्रेरित बताया।

सेंटर-लेफ्ट नेता ग्लक्समैन ने हाल ही में कहा कि फ्रांस को प्रतिष्ठित प्रतिमा वापस ले लेनी चाहिए, उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका अब उन मूल्यों को बरकरार नहीं रखता है, जिन्होंने फ्रांस को स्मारक उपहार में देने के लिए प्रेरित किया।ग्लक्समैन की टिप्पणियों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों, [विशेष रूप से वैज्ञानिक स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के संबंध में], की सीधी आलोचना के रूप में देखा गया।ग्लक्समैन ने कहा, हमें स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी वापस दे दोज हम अत्याचारियों का साथ देने वाले और वैज्ञानिक स्वतंत्रता की मांग करने वाले शोधकर्ताओं को बर्खास्त करने वाले अमेरिकियों से कहेंगे कि हमें स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी वापस दे दो। हमने इसे आपको एक उपहार के रूप में दिया था, लेकिन जाहिर है, आप इसे तुच्छ समझते हैं। इसलिए यह फ्रांस में अपने घर पर ठीक रहेगा। फ्रेंच नेता के इस बयान पर व्हाइट हाउस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस मांग को सिरे से खारिज करते हुए ग्लक्समैन की राजनीतिक हैसियत का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं।

## उत्तरी मैसेडोनिया के नाइटक्लब में भीषण आग, 50 लोगों की मौत, पीएम मिकोस्की ने जताया दुख

स्कोप्जे (आरएनएस)। उत्तरी मैसेडोनिया के कोकानी में एक नाइटक्लब में भीषण आग लग गई। आग में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। देश के प्रधानमंत्री ने इस दुखद घटना पर अफसोस जताते हुए लोगों से इस दुख की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की अपील की है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि नाइटक्लब में एक कॉन्सर्ट के दौरान लगभग 1,500 लोग मौजूद थे, जब अचानक आग लग गई। आग तेजी से छत और बिल्डिंग के अन्य हिस्सों में फैल गई, जिससे पूरा नाइटक्लब जलकर राख हो गया।

आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ के कारण भी कई लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं।स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या का अभी भी आकलन किया जा रहा है। बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद है और राहत कार्य जारी है। इस घटना पर उत्तरी मैसेडोनिया के प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गहरे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे कोकानी में हुई भयानक त्रासदी की खबर मिली।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

## जनसुनवाई में निजी अस्पताल के विरुद्ध कार्यवाही की शिकायत लेकर पहुंचा आवेदक



सीहोर (निप्र)। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर बालागुरू के तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले भर से आए 51 नागरिकों की सुनवाई की और निराकरण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### निजी अस्पताल के विरूद्ध कार्यवाही की मांग लेकर पहुंचा आवेदक

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदक संतोष मालवीय ने कलेक्टर बालागुरू के को आवेदन देते हुए बताया कि उसने अपनी पत्नी सुगन बाई को अपेंडिक्स के ऑपरेशन के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा अपेंडिक्स के ऑपरेशन के साथ-साथ बच्चे दानी का भी ऑपरेशन कर दिया गया। यहीं नहीं बल्कि यूरीनरी ट्रैक्ट भी काट दी गई जिस कारण उनकी पत्नी की दोनों किडनियां खराब हो गई हैं।

जब उनकी पत्नी की हालत गंभीर हुई तो उन्हें इंदौर रेफर कर दिया गया। इस कारण उनकी पत्नी को इंदौर पहुंचकर हार्ट अटैक आ गया और अभी उसकी स्थिति बहुत ही गंभीर है।

आवेदक संतोष मालवीय ने कलेक्टर बालागुरू के को लिखित आवेदन देते हुए निजी अस्पताल के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने की अपील की और अपनी पत्नी के आगे के इलाज के लिए राशि दिलाने का आग्रह किया। कलेक्टर बालागुरू के ने सीएमएचओ को इस मामले में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### पेंशन और राशन की गुहार लेकर पहुंचा बुजुर्ग

जनसुनवाई में सीहोर निवासी बुजुर्ग राधेश्याम विश्वकर्मा ने कलेक्टर बालागुरू के से अपना बीपीएल राशन कार्ड एवं वृद्धा पेंशन चालू कराने की गुहार लगाई है। बुजुर्ग राधेश्याम ने कलेक्टर बालागुरू के को बताया कि उनका राशन कार्ड और पेंशन दोनों ही बंद हो गई है, जिस कारण उनका जीवन यापन करना कठिन हो गया है। कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को राधेश्याम विश्वकर्मा की शिकायत के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## प्रबुद्ध नागरिकों के साथ कलेक्टर की जनसुनवाई में सेवादल अध्यक्ष खंगराले ने सौंपा ज्ञापन

सीहोर (निप्र)। सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने प्रबुद्ध नागरिकों के साथ जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होकर जिले के कलेक्टर बाला गुरु के को विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार कर आष्टा नगर पालिका परिषद द्वारा जनता के हित में स्वींगपुल का निर्माण कराया गया है। उक्त स्वींगपुल चोरों की भेट चढ़ गया, जिसकी दरबाजे खिडक़ी विद्युत सामग्री चोरी चली गई है। स्वींगपुल परिसर में बड़े-बड़े झाड़ पेड़ लगे हुए हैं। एमपीईबी से विद्युत कनेक्शन भी नही कराया जा रहा है। ना ही स्वींगपुल को संचालित किया जा रहा है। जिससे नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। कई बार शिकायत करने के पश्चात भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जनहित की समस्याओं पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। सीहोर नगर के वार्ड क्रं. 21 के इडब्ल्युएसएलआईजी पं.दीनदयाल नगर कॉलोनी हाऊसिंगबोर्ड, सीहोर में भीषण जल संकट है। हर तीसरे दिन में मात्र 15 मीनट के लिये नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा प्रदान किया जाता है, जिससे नागरिकों को काफी समस्या है। पीएचई स्टोर रूम के सामने एक नवीन हेण्डपम्प तत्काल लगाये जाने की मांग प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा की गई है।

## पेपरलेस बूथ की प्रक्रिया एवं प्रचार-प्रसार के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश

सीहोर( निप्र)। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव, नवीन प्रणाली 'पेपरलेस बूथ' के माध्यम से कराने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिये जिला एवं विकासखंड स्तरीय नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी (सेंस) तथा मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किया जाये। इनको राज्य स्तर पर प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा है कि नवीन प्रणाली "पेपरलेस बूथ' की जानकारी से मतदाताओं, अभ्यार्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे वे निर्वाचन के पूर्व नवीन मतदान प्रणाली से भली भांति परिचित एवं अभ्यस्त हो सकेंगे।

## 19 मार्च रंगपंचमी अवकाश के दिन बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

सीहोर (निप्र)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 8 मार्च शनिवार, 9 मार्च रविवार, 14 मार्च होली, 15 मार्च शनिवार, 16 मार्च रविवार, 19 मार्च रंगपंचमी, 22 मार्च शनिवार, 23 मार्च रविवार तथा 31 मार्च ईद-उल-फितर को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश तथा ऑनलाइन भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्य क्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे।

## जिले के 76,299 किसानों ने कराया गेहूं का पंजीयन

### कलेक्टर ने समय सीमा में पंजीयन कराने की किसानों से की अपील

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। उन्होंने बताया है कि किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उपार्जन केन्द्रों में गेहूं की खरीदी 5 मई तक होगी।

उन्होंने ने बताया कि सीहोर में अभी तक 76,299 किसानों ने गेंहू बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। कलेक्टर बालागुरू के ने बताया कि गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है।

# पंचायत ने दे दिया सड़क पर मकान बनाने के लिए साँठ गाँठ से पट्टा

### कब्जा हटवाने की मांग,जनसुनवाई में पहुंचे बिलकिसगंज के ग्रामीण

सीहोर( निप्र)। सड़क पर मकान बनाने के लिए पटटा जारी किए जाने का मामला सामने आया है। बिलकिसगंज ग्राम पंचायत ने गल्ला मंडी फ्रीगंज की बाउंड्री वाल के सामने वार्ड क्रमांक 16 में मौजूद सार्वजनिक सड़क की जमीन के लिए यह पटटा जारी किया है। ग्राम पंचायत पर ग्रामीणों के द्वारा संबंधित व्यक्ति से साँठ-गाँठ करके पट्टा जारी करने का आरोप लगाया गया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के 2 व्यक्ति मनमाने ढंग से कब्जा कर रहे है, जिसमे एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर तार फेंसिंग कर कब्जा कर लिया गया है और दूसरे व्यक्ति ने चालाकी से पंचायत से मिलकर आम रास्ते का पट्टा प्राप्त कर लिया है और उस भूमि पर उसने मुरम डाल कर मकान बना रहा है। जिसके



कारण 50 घरों के लोगों का रास्ता बाधित हो रहा है। क्योंकि इस रास्ते से ही गल्ला मंडी के लिए किसान गल्ला भी ले जाते है और किसान अपना अनाज भी ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से लेकर आते जाते है। भीषण गर्मी के समय पानी के टेंकरों को भी इसी रास्ते से गांव में मंगाया जाता है। इस संबंध में पंचायत को अवगत कराया लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाही संबंधितों पर नहीं की गई है। जिस कारण क्षेत्र वासियों में आक्रोस व्याप्त है।ग्रामीण बाकली गई, नीना बाई, सिरोटी बाई, साना बाई,सम्पत बाई, शीला बाई,सुनील, अनिल कुमार, जगदीश, प्रेम सिंह, जितेंद्र सूर्यवंशी, मोर सिंह मेवाड, आम प्रकाश, अकलेश, गम्बर सिंह, जशरथ मेवाडा, परसराम, दुलीचंद,देवनारायण, सुनार सिह, रामकुवंर बाई, कमल सिंह, मधुबाई, रामदुलारी बाई, जयराम ने रामबाबू के द्वारा की गई अवैधानिक तार फेंसिंग को हटाए जाने और फूलसिंह मालवीय के द्वारा पंचायत से लिए गए शासकीय भूमि के पट्टा को निरस्त किए जाने सुगम यातायात के लिए रास्ता खुलवाने सहित अतिक्रमणकर्ताओं पर सख्त कार्रवाही करने की मांग की गई है।

# फसल कटाई को लेकर पति-पत्नी, बेटी से की मारपीट

>>> पुलिस ने नहीं की कार्रवाई तो एसपी को दिया आवेदन

>>> भेरूंदा अस्पताल से जिला अस्पताल किया घायल को रिफर



गोपालपुर(संजय कलमोर)। फसल कटाई को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में गोपालपुर के तुमड़ी-हमीदगंज निवासी पति-पत्नी, बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने भेंरूंदा अस्पताल में भर्ती कराया गया यहां से ईलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर रिफर किया गया। गंभीर घायल की पत्नी और उसकी बेटी भी अस्पताल में भर्ती है। फारियादी महिला का आरोप है कि जब वह गोपालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची तो पुलिस के द्वारा शिकायत दर्ज नहीं की गई।

जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तुमड़ी-हमीदगंज की पार्वती बाई ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते रविवार को उनके ही परिवार के कुछ लोगों ने उसके पति बलराम हरियाले और बेटी सहित स्वयं पर साथ कुल्हाड़ी, बल्लम और तलवार से हमला कर दिया। हमले में पति बलराम गंभीर रूप से घायल हो गया जो जिला अस्पताल में भर्ती है। फरियादिया पार्वती बाई ने बताया कि ससुर गेंदालाल ने जो जमीन का हिस्सा हमें दिया गया है, उसमें हमने गेंहूं की फसल बोई थी लेकिन हमारी अनुपस्थिति में परिवार के हीं विरोधी लोग फसल भी काट रहे थे। पार्वती ने सोमवार को एसपी के नाम आवेदन देकर आरोपियों के विरूध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सीहोर( निप्र)। भारतीय मजदूर संघ के द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच मांगों को लेकर अध्यक्ष विनीत दुबे के मुख्य अतिथ्य में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। पूर्व विभाग प्रमुख अनिल शर्मा ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि इपीएस-95 की न्यूनतम पेंशन रूपये 5000 तत्काल की जाये व अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत + मंहगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाये। इपीएफ की वेतन सीमा 15000 रूपये से बढ़ाकर 30000 रूपये और मएसआईसी की वेतन सीमा 21000 रूपये से बढ़ाकर 42000 रूपये की जाये।

# श्यामपुर में पत्रकार के भाई पर जानलेवा हमला, पुलिस पर लगे निष्क्रियता के आरोप

## पीड़ित को आरोपियों द्वारा झूठे केस में फंसाने की धमकी, सर्व ब्राह्मण समाज ने की कार्रवाई की मांग



सीहोर (निप्र)। होली के जुलूस के दौरान श्यामपुर गांव में एक गंभीर घटना सामने आई है। गांव के सरपंच एवं भाजपा नेता के परिवार ने पत्रकार सुनील शर्मा के भाई पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस ने अब तक पीड़ित की शिकायत दर्ज नहीं की। उल्टा, भाजपा नेता के परिवार द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीड़ित को झूठे हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

### क्या है पूरा मामला ?

शनिवार को श्यामपुर में होली का जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान पीड़ित मुकेश शर्मा पर सचिन चौहान और राहुल चौहान ने हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने पहले पीड़ित के साथ गाली-गलौज और मारपीट की ,घटना के बाद जब मुकेश शर्मा अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए श्यामपुर थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की

### पीड़ित पर झूठे केस की धमकी

हमले के बाद आरोपी पक्ष सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीड़ित को झूठे हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी दे रहा है। इस तरह की धमकियों ने न केवल पीड़ित बल्कि पूरे ब्राह्मण समाज को आक्रोशित कर दिया है।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

घटना से आहत होकर सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला से मुलाकात की और निष्पक्ष जांच की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि यदि पुलिस जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने पीड़ित को निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उनका कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द ही उचित कदम उठाएगी।

### क्या मिलेगा पीड़ित को न्याय ?

अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच करेगा या फिर आरोपियों का राजनीतिक रसूख इस मामले को दबा देगा ?

## डाइट में जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह

सीहोर (निप्र)। डाइट सीहोर में जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमेंसीहोर जिले के पाँच विकास खंड के कक्षा 2 से 8 तक के प्रत्येक विषय में सबसे



सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी मैडम द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें छात्रों को ट्रैकसूट बैग बोतल टिफिन कैप ज्यामितीय बॉक्स आदि देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में छात्रों के साथ उनके मार्गदर्शन शिक्षक एवं अभिभावकों द्वारा सहभागिता की गई कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रचलित कर किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी मैडम का स्वागत डाइट प्राचार्य डॉ अनिता बडगुर्जर भालेराव एवं डीपीसी रमेश राम उइके द्वारा किया गया। डाइट प्रचार्य ने स्वागत भाषण दिया जिला परियोजना समन्वयक द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा से सबको अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया द्वारा किया गया प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे । बीएसी श्रीमति योगिता लोधी को पुरस्कृत किया गया ।अभिषेक भार्गव द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया । सीईओ मैडम ने डाइट के ईसीसी कक्ष का अवलोकन किया । डाइट स्टाफ,डीपीसी के सभी सदस्य,सीहोर बीआरसी के साथ बीआरसी के सभी बीएसी और डाइट के छात्राध्यापक उपस्थित रहे ।

# ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह

### चार दर्जन से अधिक महिलाओं और युवतियों का सम्मान किया गया




सीहोर( निप्र)। जिला मुख्यालय स्थित वाटर पार्क में ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने यहां पर मौजूद चार दर्जन से अधिक महिलाओं और युवतियों का सम्मान किया। इस मौके पर एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह में गुलाल लगाकर फूलों से होली खेली गई।इस मौके पर सर्व प्रथम राजधानी भोपाल से आई राष्ट्रीय स्तर पर इवेंट और कार्यशालाओं का आयोजन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली ब्यूटीशियन मोनिका वर्मा का एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राय, सुनील सेन, नीलू सिंह, कविता, सरोज राजपूत, बबली अहिरवार, कृश्री, रजनी उपाध्याय, भावना, सोनम सेन, पुष्पा सेन, सरला मेवाड़ा, रजनी आर्य, प्रीति साहू, अंजली कुशवाहा, वंदना उमरे, प्रियंका सोराष्ट, रिंकी रेकवार, मीना वर्मा, शलनी आर्य आदि स्वागत सम्मान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को सही मायने में बढ़ावा दे रहीं हैं कई ब्यूटी पार्लर की संचालिका है। वह बेटियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए निशुल्क ब्यूटी पार्लर का कोर्स के साथ बेसिक जानकारी सिखा रही है। ताकि उनमें आत्म विश्वास पैदा हो सके। खासबात यह है कि इसके लिए कोई जाति या उम्र का बंधन नहीं है। किसी भी जाति वर्ग व उम्र की महिलाएं यह प्रशिक्षण ले सकतीं हैं। श्रृंगार महिलाओं का आभूषण होता है। वर्तमान में महिलाओं के श्रृंगार की जिम्मेदारी ब्यूटी पार्लर निभाते हैं। यह काम भी आसान है। महिलाएं घर से ही इस काम का अंजाम दे सकती हैं। इनका सम्मान करते हुए हमें गर्व हो रहा है।

इस दौरान ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन ने कहा कि आगामी दिनों में जरूरतमंद महिलाओं को कार्यशाला और प्रशिक्षण दिया जाएगा।


## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर(म.प्र.)

Mail I.D. :- eephseh@nic.in Fax-No. :- 07562-224092 Telephon No. :-07562-224092 NEW BUS STAND SEHORE 466001(M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायाँवि/2024-25 — सीहोर, दिनांक 18.03.2025

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्वति द्वारा ऑनलाईन निविदाओं में निहित शर्तो के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य- (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED _410284_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड बुदनी के ग्राम सलकनपुर अन्तर्गत स्थित सलकनपुर देवी धाम में पेयजल व्यवस्था हेतु योजना के क्रियान्वयन का कार्य। | 24690531.00 | 246905.00 | 15000.00 | 06 माह |

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | ऑन लाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक | 27.03.2025, 05.30 पीएम |
| 02 | बिड ओपनिंग दिनांक | 28.03.2025, 05.30 पीएम |

जी/24521/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड सीहोर (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com